तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 26 मार्च 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



लेफ्ट टर्न फ्री रखने के लिए नेहरू चौक पर लगाए गए खंभे।

# 100 एकड़ में होगी पीएम की सभा, रांची से ट्रकों में पहुंचे डोम, 200 कूलर और 100 साउंड सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे। पीएम मोदी बिल्हा से लगे ग्राम मोहभट्टा में सभा लेंगे। इस दौरान वे एनटीपीसी के 800 मेगावाट यूनिट के शिलान्यास।, रेलवे की बिलासपुर-रायपुर चौथी लाइन के शिलान्यास सहित विभिन्न विकास योजनाओं का भूमिपूजन करेंगे। करीब 100 एकड़ में प्रधानमंत्री की सभा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 500 से अधिक मजदूर और 10 से अधिक विभागों के सैकड़ों अधिकारी कर्मचारी दिन रात तैयारियों में जुटे हैं। सभास्थल 55 एकड़ मैदान में होगा तो बाकि में पार्किंग रहेगी। प्रधानमंत्री और उनके स्टॉफ के उतरने के लिए स्थल के किनारे तीन हेलीपेड लगभग तैयार हो गए हैं। स्थल के एक किनारे पर दो और हेलीपेड बनाए जा रहे हैं। यह राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के लिए होंगे। सभास्थल के आस-आस 9 पार्किंग स्थल तैयार हो चुके हैं। 150 टॉयलेट भी बनाए जा रहे हैं। डोम के साथ ही बिजली फिटिंग और सभा स्थल का जिम्मा रांची की कंपनी आजमानी इंटरप्राइजेज को दिया गया है। इसके 200 से अधिक कर्मचारी पिछले 10 दिनों से काम कर रहे हैं। एक स्टाफ ने बताया कि 25 करोड़ रुपए से अधिक का काम मिला है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को बिल्हा से लगे ग्राम मोहभठ्ठा में सभा लेंगे। इस दौरान वे एक हजार करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट्स को लॉन्च कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी एनटीपीसी और हाईवे कनेक्टिविटी की सुविधाओं से जुड़ी सौगात देंगे। देखा जाए तो पीएम मोदी का यह पहला गैर चुनावी दौरा होगा। 18 माह पहले यानी 30 सितंबर 2023 को वे विधानसभा चुनाव के समय भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन पर आए थे। इसके साथ ही वे तीसरी बार बिलासपुर आने वाले पहले प्रधानमंत्री होंगे। हालांकि एक बार वे गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए भी बिलासपुर आ चुके हैं।



- 500 से अधिक मजदूर और 10 से अधिक विभागों के सैकड़ों अधिकारी कर्मचारी दिन रात तैयारियों में जुटे
- सभास्थल के आस-आस 9 पार्किंग स्थल तैयार, प्रधानमंत्री के उतरने के लिए तीन हेलीपेड भी बनाए गए

## रांची से ट्रकों में भरकर पहुंचे डोम और कूलर

मोहभट्ठा के मैदान में पांच डोम बनाए जा रहे हैं। तीन डोम 900-900 फीट के तो दो डोम 800-800 फीट के हैं। स्टेज और पीएम मोदी के भाषण देने की जगह भी प्रारंभिक रूप से तय कर ली गई है। फिलहाल 80 बाइ 40 का मंच तैयार किया गया है। बिजली आपूर्ति बाधित नहीं हो इसके लिए मैदान में ही 11 केवी का ट्रांसफार्मर भी लगाया गया है। बिजली विभाग द्वारा अलग से फीडर लगाया गया है। मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए एयरटेल द्वारा दो टावर लगाए जा रहे हैं। एक हजार के करीब एलईडी लाइट लगाई जा रही है तो गर्मी से बचाव के लिए 200 कूलर लगाए जा रहे हैं। 100 से अधिक साउंड सिस्टम भी लगा रहे हैं। पूरा काम रांची की कंपनी आजमानी इंटरप्राइजेज को मिला है। ट्रकों में भरकर डोम और दूसरे सामान लाए गए हैं।

## मोहभठ्ठा रेलवे फाटक पर हो सकती है परेशानी

सभा में 2 लाख लोगों के आने की बात कही जा रही है। ऐसे में कार्यकर्ताओं को लाने के लिए विभिन्न जिलों से 900 बसों की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा प्रोटोकाल के चलते दो-तीन घंटे पहले लोगों को पहुंचना होगा। सभास्थल पर मुख्य मंच, हेलीपेड, ग्रीन रूम, सांस्कृतिक मंच, हितग्राहियों एवं अतिथियों की बैठक व्यवस्था भी है। सबसे बड़ी परेशानी मोहभठ्ठा रेलवे फाटक पर हो सकती है। सभा में पहुंचने के लिए इस फाटक को पार करना ही होगा। प्रशासन ने इस फाटक के एक किलोमीटर पहले 3 बड़ी पार्किंग बनाई है। यहां से लोगों को सभा स्थल तक पैदल जाना होगा। रास्ते में फाटक पड़ेगा जहां से ट्रेनें लगातार गुजरती हैं। रेल आईजी ने टीम के साथ मंगलवार को मौके का निरीक्षण किया। सभा के दौरान रेल का आना जाना बंद रहेगा या नहीं इस पर अभी तक फैसला नहीं लिया जा सका है। सभास्थल में पांच डोम खड़े किए जा रहे हैं। सभी डोम मिलाकर 120 सेक्टर में लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी।

## आज पहुंचेगी एसपीजी कब्जे में लेगी पूरे क्षेत्र को

स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हालांकि 26 मार्च को एसपीजी के आने के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। जिला प्रशासन और भाजपा नेताओं द्वारा तैयार किए गए मैप में एसपीजी की टीम संशोधन कर सकती है। इसमें हेलीपेड से मंच और कार्यक्रम स्थल तक पीएम मोदी के कार के लिए एप्रोच रोड भी तैयार किया गया है। एप्रोच रोड बनाने का काम पीएमजीएसवाई ने किया है। इस सड़क के एक-एक इंच की जांच की गई। जांच के दौरान मिले प्लास्टिक, गुटखा पैकेट और अन्य को हटाया गया। 26 मार्च से पूरा एरिया एसपीजी के हवाले हो जाएगा।

## 7 रेल लाइन का शिलान्यास करेंगे

प्रधानमंत्री श्री मोदी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के सात मुख्य रेल लाइन का शिलान्यास भी करेंगे। आमसभा के दौरान रेलवे की मुख्य बड़ी परियोजना में रेल लाइन का लोकार्पण भी करेंगे। इसमें मुख्य रूप से खरसिया से झाराडीह के बीच 6 किलोमीटर की पांचवीं लाइन, मड़वारानी से सरगबुंदिया के बीच 12 किलोमीटर की तीसरी और चौथी लाइन, दाधापारा से बिल्हा के बीच और बिल्हा से दगौरी के बीच 16 किलोमीटर की चौथी लाइन, निपनिया से भाटापारा और भाटापारा से हथबंद के बीच 23 किलोमीटर की चौथी लाइन, भिलाई से भिलाई नगर और भिलाई नगर से दुर्ग लिंक केबिन के बीच 12 किलोमीटर की चौथी लाइन, राजनांदगांव से डोंगरगढ़ तक 31 किलोमीटर की चौथी लाइन और करगीरोड से सल्कारोड के बीच 8 किलोमीटर की तीसरी लाइन शामिल है।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव पिंगुआ ने ली बैठक



अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने मंथन सभाकक्ष में आज अधिकारियों की बैठक लेकर पीएम के आगमन की तैयारियों को लेकर चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला प्रशासन के साथ एनटीपीसी, रेल्वे, दूरसंचार निगम के सीनियर अधिकारी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री का मोहभट्ठा में 30 मार्च को लगभग एक घंटे का कार्यक्रम होगा। इस दौरान वे विकास कार्यो के लोकार्पण के साथ आमसभा को सम्बोधित करेंगे। एनटीपीसी की नई यूनिट का शिलान्यास के साथ अभनपुर से रायपुर रेल सेवा का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी की जानकारी ली गई। स्वागत के साथ कार्यक्रमों के क्रम के बारे में मंथन किया गया। चूंकि स्थल से रेलवे लाइन नजदीक है। इसलिए रेलवे लाइन को दोनों तरफ से सुरक्षित बैरिकेडिंग किया जाएगा और रेलवे की तरफ से जवान भी तैनात किए जाएंगे। बैठक में संभागायुक्त महादेव कावरे, आईजी संजीव शुक्ला, रेलवे सुरक्षा बल के आईजी, कलेक्टर अवनीश शरण, एसएसपी रजनेश सिंह सहित एनटीपीसी, रेलवे एवं दूरसंचार निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के पूर्व श्री पिंगुआ ने सभास्थल की तैयारियों का मौका मुआयना भी किया और दिशा-निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### सरोद वादक देबस्मिता आज आधारशिला में देंगी प्रस्तुति

बिलासपुर। आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल, भारतीय कला और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए एक और महत्वपूर्ण आयोजन करने जा रही है।



जिसमें देश की सुप्रसिद्ध सरोद वादक देबस्मिता भट्टाचार्य 26 मार्च को सुबह 9.30 बजे सैनिक विद्यालय प्रांगण में अपनी कला की प्रस्तुति देंगी। विद्यालय स्पीकमैके संस्था से जुड़ा हुआ है, जो छात्रों को भारतीय शास्त्रीय संगीत और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी श्रृंखला में यह विशेष आयोजन किया जा रहा है, जहाँ शास्त्रीय संगीत की एक दुर्लभ प्रस्तुति देखने को मिलेगी।

### निगम में एमआईसी की पहली बैठक आज

बिलासपुर। नई शहर सरकार की पहली एमआईसी की बैठक 26 मार्च को होगी। बैठक में पेयजल और नए क्षेत्रों में सफाई का मुद्दा प्रमुख रहने की बात कही जा रही है। इसके अलावा वार्डों में पिंक टायलेट, कचरे का कलेक्शन, टैक्स में बढ़ोत्तरी को लेकर भी चर्चा होगी। ज्ञात हो कि नई एमआईसी में कुल 14 पार्षदों को जगह मिली है। इसमें 11 पुराने और 3 नए चेहरे हैं। इसके साथ 6 महिला पार्षदों को भी जगह दी गई है। निगम से मिली जानकारी के मुताबिक एमआईसी में सामूदायिक भवन बनाने से लेकर स्कूल कालेजों में वाई फाई की सुविधा के लिए राशि का भी प्रावधान किया जा सकता है। इसके साथ ही स्मार्ट वेंडिंग जोन और फूड स्ट्रीट और पानी टंकियों के सुधार पर भी चर्चा हो सकती है।

### एक दिन में बढ़ा 3 डिग्री तापमान, उमस बरकरार

बिलासपुर। गर्मी अब लोगों के पसीने छुड़ा रही है, मंगलवार को तापमान अचानक बढ़कर 37.2 डिग्री जा पहुंचा, इस दौरान एक ही दिन में 3 डिग्री बढ़ने से लोगों को खासी दिक्कतें हुई। खास बात यह है कि पिछले 5 दिनों से मौसम में उतार चढ़ाव जारी है, आसमान पर बादल भी छा रहे हैं, लेकिन तेज धूप की वजह से तापमान में बढ़त देखी जा रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में तापमान 40 डिग्री होने के आसार बन चुके हैं।

# घर बैठे मुनाफा कमाने का लालच देकर 19 लाख की आनलाइन ठगी

बिलासपुर। घर बैठे मुनाफा कमाने का लालच देकर शहर के एक व्यक्ति से 19 लाख 38 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर लिया गया है। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है।




सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, शुभम विहार कालोनी निवासी उत्तम सिंह स्त्रोवाडी पिता फिरतराम 45 साल पूर्व में महेंद्रा कंपनी में मैनेजर थे। वर्तमान में कुछ काम नहीं कर रहे हैं। 14 मार्च को उनके मोबाइल पर अनजान नम्बर से रेंट कस्टमर वाटसएप ग्रुप का मैसेज भेजा गया और बताया कि इससे जुड़कर घर बैठे मुनाफा कमाने बात कही। श्री स्त्रोवडी लालच में आकर उनके वाट्सएप ग्रुप में जुड़ गए। उसके बाद उन्हें हाउसिंग टेलीग्राम में जोड़कर पैसा जमा करने को कहा गया। उन्होंने अलग-अलग किश्तों में 19 लाख 38 हजार 721 रुपए उनके बताए गए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया। उनके द्वारा मुनाफा सहित पैसे की मांग करने पर मोबाइल धारक गोलमोल जवाब देकर घूमाने लगे। वहीं वर्तमान में भी उन्हें पैसा जमा करने कहा जा रहा है। आनलाइन ठगी का शिकार होने का अहसास होने पर मंगलवार को श्री स्त्रोवाडी ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर चार मोबाइलधारकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

# दो दिनों में 200 करोड़ की रजिस्ट्री नहीं हो सकी छुट्टी के दिन 30 करोड़ से अधिक की खरीदी-बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंजीयन मुख्यालय के निर्देश पर मंगलवार को भक्त माता कर्मा जयंती के अवकाश दिवस पर भी पंजीयन कार्यालय खुला रहा। पंजीयन कार्यालय में शाम तक जमीन रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़भाड़ रही और अचल संपत्ति की 154 रजिस्ट्री हुई जिससे पंजीयन कार्यालय को अवकाश में भी लगभग 1 करोड़ 20 लाख राशि का राजस्व प्राप्त हुआ। कुल मिलाकर 30 करोड़ से अधिक की खरीदी बिक्री हुई। दूसरी ओर पिछले एक सप्ताह से पंजीयन विभाग का मुख्य सर्वर खराब होने की वजह से केवल बिलासपुर में नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में सर्वर जाम होने से क्षमता के अनुसार रजिस्ट्री नहीं हो रही है। पिछले दो दिनों में ही करीब 200 करोड़ से ज्यादा की रजिस्ट्री नहीं हो पाई है। जबकि लोगों को अपाइनमेंट दे दिया गया था। हालांकि अफसर दिनभर सर्वर ठीक करवाने का दावा करते रहे, लेकिन देर शाम तक स्थिति सामान्य नहीं हुई। बिलासपुर में सोमवार को तो इक्का दुक्का ही रजिस्ट्री हो सकी थी। मंगलवार को हालांकि स्थिति में कुछ सुधार रहा।

- पूरे प्रदेश में सर्वर जाम होने से क्षमता के अनुसार रजिस्ट्री नहीं

वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम माह का आखिरी सप्ताह चल रहा है। इसलिए पंजीयन मुख्यालय द्वारा जन सुविधा एवं राजस्व संग्रहण की दृष्टि से आगामी शासकीय अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालय खुले रखने के निर्देश दिए गए हैं।



पंजीयन कार्यालय में छुट्टी के दिन भी रजिस्ट्री कराने लगी रही भीड़।

### लोगों को रजिस्ट्री के बिना ही लौटना पड़ रहा

दूसरी ओर ऐन मार्च के अंतिम सप्ताह में रजिस्ट्री का सर्वर जाम हो रहा है। सालभर में सबसे ज्यादा मार्च में ही लोग रजिस्ट्री कराते हैं। लेकिन बार-बार सर्वर खराब होने से लोगों को रजिस्ट्री के बिना ही लौटना पड़ रहा है। लोग स्टाफ पर नाराज हो रहे हैं लेकिन कोई फायदा नहीं हो रहा है। आमदिनों में रोज औसतन 200 से ज्यादा रजिस्ट्री होती है। मार्च में हर ये आंकड़ा बढ़ जाता है। अभी भी रोज 300 से अधिक लोगों को अपाइनमेंट दिया जा रहा है, लेकिन सर्वर इतना स्लो चल रहा है कि बड़ी मुश्किल 50 लोगों की ही रजिस्ट्री हो रही है। मंगलवार को भी सर्वर स्लो रहा। जिन्हें सुबह 10 बजे का समय दिया गया था उनकी रजिस्ट्री दोपहर 1 बजे तक भी नहीं हो पाई थी। एक-दो रजिस्ट्री के बाद सर्वर फिर बंद हो जा रहा था। देर शाम तक सर्वर दोबारा बंद हो गया। लोगों के साथ विभाग के कर्मचारी और अफसर खाली बैठे रहे। इस दौरान रजिस्ट्री करवाने पहुंचे लोग और उनके वकीलों ने कड़ा विरोध किया।

उल्लेखनीय है कि सप्ताह में चार दिनों शासकीय अवकाश पड़ रहा है। 25 मार्च को भक्त माता कर्म जयंती, 29 मार्च शनिवार, 30 मार्च रविवार 31 मार्च ईद-उल-फितर के अवसर पर शासकीय अवकाश में भी पंजीयन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री का कार्य सुचारू तरीके से चलता रहेगा। इसी कारण पंजीयन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़भाड़ रही और काफी चहल-पहल रही। अवकाश के दिन रजिस्ट्री कार्यालय खुलने से कंप्यूटर टायपिस्ट, दस्तावेज लेखक, मुंशी, स्टांप वेंडर, फोटोकापी सभी के दुकान खुले रहे। रजिस्ट्री के लिए पक्षकार दस्तावेज तैयार करवाते रहे। देर शाम तक 154 रजिस्ट्री होने की जानकारी मिली है जिससे पंजीयन कार्यालय को लगभग 75 लाख राजस्व प्राप्त हुआ है।

### देर शाम तक चलता रहा कार्य

शासकीय अवकाश के दिनों में भी इस माह पंजीयन कार्यालय खुला रखने का आदेश आया है। आज अवकाश के दिन पंजीयन कार्यालय खुला रहा और काफी संख्या में अचल संपत्तियों के दस्तावेज रजिस्ट्री के लिए आए थे। देर शाम तक दस्तावेजों के रजिस्ट्री का कार्य चलता रहा।

- **राजीव स्वर्णकार**, जिला पंजीयक





जनपद पंचायत पथरिया के नवनिर्वाचित
अध्यक्ष श्रीमती चित्रलेखा मनीष जांगड़े,
उपाध्यक्ष श्रीमती दीपिका चन्द्रशेखर कौशिक
एवं सदस्यों के
पदभार ग्रहण समारोह
एवं प्रथम सम्मिलन में
हार्दिक अभिनंदन
श्री चन्द्रशेखर कौशिक (काली)
विधायक प्रतिनिधि
डॉ. देवेन्द्र कौशिक
भा.ज.पा. नेता
श्रीमती ज्योति रिकू सिंह
श्री रिकू सिंह ठाकुर
श्री जगदीश वर्मा
श्री लोकेश साहू
श्री सन्नी कुमार भार्गव
श्रीमती सुनीता चेलक
श्रीमती अर्चना सिंह
श्रीमती भुनेश्वरी यादव
श्रीमती प्रतिभा कुमारी
श्रीमती धनेश्वरी वर्मा
श्रीमती इंदरमती मरावी
श्रीमती चमेली सुंदर साहू
श्रीमती रवीना घृतलहरे
श्रीमती कल्याणी साहू
श्रीमती ज्योति घृतलहरे
श्रीमती गायत्री मरकाम
श्री मनीष साहू
श्री इंद्रजीत बंधे
श्री रिजवान हक
श्री अश्वनी कुमार वर्मा
श्री कोमल किशोर साहू
श्री संजीव नेताम
श्रीमती सरिता साहू
श्रीमती चित्रलेखा मनीष जांगड़े
अध्यक्ष, जनपद पंचायत पथरिया
श्रीमती दीपिका चन्द्रशेखर कौशिक
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत पथरिया
विनीतः- ग्राम पंचायत बावली, पीपरलोड़, मर्राकोना, हथकेरा, रमतला
जनपद पंचायत पथरिया, जिला- मुंगेली, छत्तीसगढ़
अजय बैनरवाला सरगांव 7697832603
संकलनकर्ता-
महेन्द्र साहू, सरगांव
मो. 8109221737

## खबर संक्षेप

### सीयू में रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट के नतीजे घोषित, प्रवेश लिए इंटरव्यू अगले माह



**बिलासपुर।** गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीएचडी में रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट वीआरईटी के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। यूनिवर्सिटी ने रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट का परिणाम घोषित कर दिया है और पीएचडी प्रवेश के लिए अगले माह अप्रैल में इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीएचडी के 687 सीटों पर प्रवेश दिया जाना है।
गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट के लिए 27 जनवरी से आवेदन प्रक्रिया आनलाइन शुरू हुई थी और 20 फरवरी तक आवेदन लिए गए थे। इसमें 1400 स्टूडेंटस ने रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट के लिए आवेदन किया था। यूनिवर्सिटी द्वारा 9 मार्च को रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट आयोजित किया गया था, जिसमें 850 स्टूडेंटस शामिल हुए थे। जबकि 550 स्टूडेंटस इंट्रेंस टेस्ट में अनुपस्थित रहे। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने पिछले सप्ताह रिसर्च इंट्रेंस टेस्ट के परिणाम घोषित कर दिया है और अगले माह अप्रैल में पीएचडी में प्रवेश के लिए इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। यूनिवर्सिटी में पीएचडी के 687 सीटों में से 314 सीट इंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से भरे जाएंगे, जबकि 373 सीट एक्समप्टेड कैटेगरी वाले हैं जिसमें इंट्रेंस टेस्ट में बैठने की आवश्यकता नहीं है। यूनिवर्सिटी के जिन विभागों में पीएचडी में प्रवेश दिया जाना है उनमें हिन्दी, इंग्लिश, इलेक्ट्रानिक्स, कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इन्फार्मेशन टेक्नालाजी, केमिकल इंजीनियरिंग, इण्डस्ट्रीयल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, एंथ्रोपोलाजी एंड ट्राईबल डेव्हलपमेंट, बॉटनी, जूलाजी, कामर्स, मैनेजमेंटस स्टडी, मैथ्समेटिक, फार्मेसी, केमेस्ट्री, इकानॉमिक्स, हिस्ट्री, एजुकेशन, फिजिकल एजुकेशन, बायोटेक्नालाजी, रूरल टेक्नालाजी एंड सोशल डेव्हलपमेंट, फोरेसिंक साइंस, लॉ आदि शामिल हैं।

### श्रम अन्न केंद्र का शनिचरी में शुभारंभ 5 रुपए में श्रमिकों को मिलेगा भोजन



**बिलासपुर।** शहर के श्रमिक बहुल शनिचरी चांटीडीह इलाके के पुराने मंडी परिसर में शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न केंद्र का विधायक सुशांत शुक्ला ने शुभारंभ किया। मात्र 5 रुपए में पंजीकृत श्रमिकों को भरपेट भोजन मिलेगा। भक्त माता कर्मा जयंती के शुभ अवसर पर विधायक ने शुभारंभ करते हुए श्रमिकों के साथ बैठकर भोजन किया। केंद्र से प्रतिदिन लगभग 700 मजदूरों को लाभान्वित करने की योजना है। गौरतलब है कि ये शहर का तीसरा श्रम अन्न केंद्र है। इसके पहले बृहस्पति बाजार और तिफरा में पूर्व से संचालित है। कुल मिलाकर तीनों अन्न केंद्रों से लगभग 1800 श्रमिकों को मात्र 5 रुपए में भरपेट भोजन मुहैया हो रहा है। विधायक श्री शुक्ला ने फीता काटकर श्रम अन्न केंद्र का लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि चांटीडीह के मजदूरों ने तीन माह पहले श्रमिक भोजन केंद्र की मांग की थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के निर्देश पर अल्पावधि में यह केंद्र शुरू हो पाया। उन्होंने इलाके के श्रमिकों को आश्वस्त किया कि आकस्मिक रूप से पहुंचकर केंद्र में मजदूरों के साथ भोजन करूंगा। भोजन की गुणवत्ता हमेशा बनाए रखने के निर्देश संचालक को दिए। समारोह में महापौर पूजा विधानी ने कहा कि श्रमिकों को ट्रिपल इंजन सरकार का फायदा मिला। श्रम विभाग की सहायक आयुक्त ज्योति शर्मा ने कहा कि श्रमिक काम की तलाश में सवेरे से ही चावड़ी में बैठ जाते हैं। बिना खाए पिए वे इंतजार करते रहते हैं। इससे उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है। इसे देखते हुए विष्णुदेव की सरकार ने योजना लाई। अब वे मात्र 5 रुपए में भरपेट भोजन कर काम में जा सकते हैं। श्रम निरीक्षक योशिता शर्मा ने विभागीय योजनाओं से श्रमिकों को अवगत कराया। इस अवसर पर आरके तम्हाने, रूपाली गुप्ता, रेखा सूर्यवंशी,रानी देवांगन, रेखा पांडे, मनोरमा विजय यादव, पूर्व पार्षद विष्णु यादव आदि मौजूद थे।

दसवीं-बारहवीं सीजी बोर्ड परीक्षा की कापियों की होगी जांच

मई के दूसरे सप्ताह में बोर्ड के नतीजे जारी होने की संभावना

# 50 लाख से अधिक कापियों का मूल्यांकन आज से, जिले में दो सेंटर बनाए गए

**बिलासपुर।** 10 वीं-12वीं सीजी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन 26 मार्च से शुरू होगा। प्रदेश में इसके लिए 36 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। बिलासपुर में दो केन्द्र कन्या सरंकडा और महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल को बनाया गया है। इस बार 5.71 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। इसमें 10 वीं और 12 वीं के छात्र शामिल हैं। इनकी करीब 50 लाख कापियों को जांचने का काम अप्रैल के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मई के दूसरे सप्ताह में बोर्ड के नतीजे भी जारी होने की संभावना है। दूसरी ओर जिन मूल्यांकनकर्ताओं को इस बार कापियों के जांचने के काम से बाहर किया गया है उनकी लिस्ट जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और मूल्यांकन केंद्रों को भेज दी गई गई।

ध्यान रहे कि इस बार माशिमं की बोर्ड परीक्षाएं एक मार्च से परीक्षा शुरू हुई है। इसमें दसवीं की परीक्षा 24 मार्च तक और बारहवीं की 28 मार्च तक चलेंगी। हालांकि, मुख्य विषयों की परीक्षा 24 मार्च तक समाप्त हो गई है। इस वजह



से मूल्यांकन का काम शुरू किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि बोर्ड परीक्षा की कॉपियां जांचने में 20 से 25 दिन का समय लगेगा। इसके बाद फिर रिजल्ट तैयार करने में भी कुछ दिन लगेंगे। इसे लेकर मई में ही रिजल्ट जारी होने की संभावना है। ध्यान रहे कि पिछले कुछ वर्षों से दसवीं-बारहवीं का रिजल्ट बढ़ रहा है। पिछली बार यानी सीजी बोर्ड एग्जाम 2024 में दसवीं का रिजल्ट 75.61 प्रतिशत और बारहवीं का 80.74 था।

### स्टेपवाइज मार्किंग से रोकेंगे गड़बड़ी

अधिकारियों के मुताबिक मूल्यांकन के दौरान मूल्यांकनकर्ताओं को स्टेपवाइज मार्किंग सिस्टम के तहत बच्चों को अंक देना होगा। कुछ साल तक मूल्यांकनकर्ता परीक्षार्थियों द्वारा लिखे गए जवाब में लाइन की संख्या देखकर ही अंक देते थे। ऐसे में औसतन अंक देने से बेहतर तरीके से जवाब लिखने वाले मेधावियों को नुकसान हो रहा था, वहीं कुछ बिना वजह ही अच्छे अंक भी पा रहे थे। इस बार हर विषय में स्टेप-बाई-स्टेप अंक तय हैं। इसमें बिना पढ़े मूल्यांकनकर्ता अंक नहीं दे सकेंगे। उदाहरण के लिए यदि किसी परीक्षार्थी ने हिंदी में आवेदन पत्र लिखा है। यदि उसने कुछ लाइन भी लिखकर सवाल को छोड़ दिया है तो उसमें भी अंक मिलेंगे।

### खिलाड़ियों को मिलेंगे 20 बोनस अंक

माशिमं के मुताबिक बोर्ड परीक्षा में खिलाड़ियों, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड समेत अन्य को बोनस अंक देने का प्रावधान है। इस बार जिन छात्रों को बोनस अंक दिया जाना है उसकी लिस्ट लोक शिक्षण संचालनालय से मांगी गई है। खेलकूद में व्यक्तिगत एवं टीम खेल पदक प्राप्त छात्रों को कैटेगरी के अनुसार बोनस दिया जाता है। राज्य स्तर के मैडल पर 10 अंक, राष्ट्रीय 15 और अंतरराष्ट्रीय के लिए 20 अंक है। एनसीसी में आरडी परेड एवं मावलंकर शूटिंग 15 अंक, वायु सैनिक, नौ सेना और थल सेना 15 अंक, डी कैट कैम्प में 10 अंक दिए जाएंगे। इसी तरह एनएसएस आरडी परेड के 15 अंक, स्काउट गाइड राज्यपाल 10 अंक और राष्ट्रपति के 15 अंक मिलेंगे। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम / साक्षरता कार्यक्रम के स्वंयसेवक/ अनुदेशक कैटेगरी में 10 बोनस अंक देने का प्रावधान है।

### 36 मूल्यांकन केन्द्र में होगी कापियों की जांच

दसवीं-बारहवीं सीजी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन 26 मार्च से शुरू होगा। प्रदेश में इसके लिए 36 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। बिलासपुर में दो केन्द्र कन्या सरकंडा स्कूल और महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल को बनाया गया है। बोर्ड परीक्षा में इस बार 5.71 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। इनकी कापियों की जांच होगी।

- श्रीमती संगीता गंगोत्री, संभागीय अधिकारी, माशिमं

लखीराम आडिटोरियम में हुआ जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह

# जिपं की नई टीम लाएगी सुराजः साव



कार्यक्रम का शुभारंभ करते केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव व अन्य।



शपथ ग्रहण करते नवनिर्वाचित जिला पंचायत के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव के मुख्य आतिथ्य में मंगलवार को जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह लखीराम आडिटोरियम में हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी व उपाध्यक्ष ललिता कश्याप समेत सभी सदस्यों ने शपथ लिया।

जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य गांवों के समग्र विकास के लिए पूरे समर्पण के साथ कार्य करेंगे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि मैं भी गांव का रहने वाला हूं तो गांव की व्यवस्थाओं को समझता हूं। आज गांव की फिजा बदल गई है। आज से 25 साल पहले गांव में किस प्रकार से एका हुआ करता था। गांव में वास्तव में सुराज था, आज फिर से आवश्यकता महसूस हो रही है कि गांव में सुराज स्थापित हो। गांव में प्रेम और सदभाव स्थापित हो, आज इसकी जरूरत है। बड़े उद्देश्य को लेकर पंचायती राज व्यवस्था बनाई गई है।

संविधान में संशोधन करके पंचायत को सशक्त बनाया गया है उसको आज मूर्तरूप देने की आवश्यकता है। मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे बिलासपुर की जिला पंचायत की यह नई टीम गांव में सुराज लाएगी। श्री साव ने कहा कि उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 30 मार्च को बिलासपुर जिले के मोहभट्ठा गांव में आगमन हो रहा है। हजारों करोड़ों की सौगात छत्तीसगढ़वासियों को देने वाले हैं। शपथ ग्रहण समारोह में विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धरमजीत सिंह, विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, कलेक्टर अवनीश शरण, जिपं सीईओ संदीप अग्रवाल, हर्षिता पाण्डेय, दीपक सिंह ठाकुर, मोहित जायसवाल, उप संचालक पंचायत शिवानी सिंह आदि उपस्थित रहे।

#### नवनिर्वाचित प्रतिनिधि

राजेश सूर्यवंशी, अध्यक्ष, ललिता कश्यप, उपाध्यक्ष, अनुसुईया जागेन्द्र कश्यप, गोविंद राम यादव, भारती माली, अम्बिका विनोद साहू, अरूणा चन्द्रप्रकाश सूर्या, राधा खिलावन पटेल, निरंजन पैकरा, स्मृति श्रीवास, अनिता शुक्ला, शिवेन्द्र प्रताप कौशिक, राजेन्द्र धीवर, दामोदरकांत, सतकली बावरे, रजनी मरकाम, जयकुमारी प्रभु जगत

### जिपं अध्यक्ष राजेश व सदस्य अरुना को दी शुभकामनाएं

राजेश सूर्यवंशी को जिला पंचायत का नया अध्यक्ष बनने एवं अरुना चंद्रप्रकाश सूर्या को सदस्य बनने पर इंदु चौक मगरपारा रोड राम ग्राफिक्स फ्लैक्स बैनर प्रिंटिंग प्रेस के संचालक रामकुमार पत्रवानी ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसी तरह नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी को यशवंत सिंह, पवन सिंह, मनीष कौशिक, अंकुर सिंह, सूरज साहू, लक्ष्मी सिन्हा, दिनेश सिंह, रितेश गड़ेवाल ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।





### यादव समाज ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ द्वारा नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों, नगर निगम पार्षदों व ग्राम सरपंचों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव थे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने जर्जर हो रहे कृष्ण धाम यादव भवन के नवनिर्माण के लिए अपना सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम में एसडी यादव, ममता यादव, लक्ष्मी यादव, जितेन्द्र यादव, राम कुमार यादव, शिव शंकर यादव, सुजीत यादव, अमित यादव, अनिल यादव, शंकर यादव, गौरी शंकर यादव, अखिलेश यादव, डॉ. बीपी गोपाल, जातीराम यादव, गणेश यादव, मनोज यादव, कृष्ण कुमार यादव, धन्नू यादव, रविन्द्र नाथ गोपाल, सतीश यादव, भागवत प्रसाद यादव, धन सिंह यादव आदि मौजूद थे।



## राष्ट्रीय महिला आयोग करेगा विवाह पूर्व परामर्श केंद्र की स्थापना

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने 25 मार्च को सर्किट हाउस में अफसरों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए शासन के सभी केंद्रों में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित हो। घरेलू हिंसा और तलाक के बढ़ते मामलों के मद्देनजर आयोग द्वारा विवाह पूर्व परामर्श केंद्र देश भर में खोलने की जानकारी दी।

संभाग के सभी जिलों में केंद्र के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। आयोग को आवश्यक जानकारी देने के लिए प्रत्येक जिले में डीएसपी रैंक के अधिकारी को नोडल अफसर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं,बच्चों और बुजुर्गों के प्रति अधिक मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनशीलता बरती जानी चाहिए। सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने जिले के विभिन्न केंद्रों में निरीक्षण के दौरान पाई गई खामियों से अवगत कराते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जेल में महिला बंदियों के बच्चों के लिए प्ले एरिया लाइब्रेरी, और कंप्यूटर शिक्षा की सुविधा होनी चाहिए। साथ ही कैदियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के भी निर्देश दिए। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के लिए समुचित इंतजाम के निर्देश समाज कल्याण अधिकारी को दिए। महिला हेल्पलाइन सेंटर सखी केंद्र के लिए भवन निर्माण में तेजी के साथ ही प्रकरणों के निराकरण में भी तेजी से कार्य करने कहा। उन्होंने जिला अस्पताल में बुजुर्गों और महिलाओं के लिए व्यवस्थाओं के विषय में सिविल सर्जन डॉ अनिल गुप्ता से जानकारी ली व सीएमएचओ से केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी ली।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने किया कोटा बिलासपुर में नई ब्रांच का शुभारंभ



**बिलासपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा के रायपुर अंचल द्वारा बिलासपुर क्षेत्र स्थित कोटा में बिलासपुर क्षेत्र की 52वीं शाखा के रूप में नई शाखा का शुभारंभ रायपुर अंचल के महाप्रबंधक दिवाकर प्रसाद सिंह ने मंगलवार 25 मार्च को किया। इस अवसर पर नगर पंचायत कोटा सीएमओ सुखसागर खूटे, नगर पंचायत कोटा अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू सहित क्षेत्रीय प्रमुख, बिलासपुर क्षेत्र प्रवीण कुमार एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख बिलासपुर क्षेत्र दीपक कुमार मिश्रा व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महाप्रबंधक श्री दिवाकर ने उपस्थित ग्राहकों को बॉब मास्टर स्ट्रोक एसबी खाता, एसएमई, गृह ऋण जैसे बैंक के उत्पादों की जानकारी दी। साथ ही उपस्थित जनों से अपील की कि वे बैंक ऑफ़ बड़ौदा से जुड़कर अधिकतम बैंकिंग संव्यवहार करें और नव निर्मित शाखा को क्षेत्र और क्षेत्रवासियों के विकास के लिए सेवा का मौका दें। महाप्रबंधक श्री सिंह ने ज़ोर दिया कि नव निर्मित शाखा की ओर से आदर्श ग्राहक सेवा की दिशा में सदैव सर्वोत्तम प्रयास किए जाएंगे।

## नहर निर्माण के लिए भू अर्जन करने विशेषज्ञ समूह ने की अनुशंसा

**बिलासपुर।** कोटा राजस्व अनुविभाग के बेलगहना तहसील की डाडबछाली जलाशय योजना के नहर निर्माण के लिए 1.60 एकड़ निजी भूमि अधिग्रहण की अनुशंसा विशेषज्ञ समूह ने की है। सामाजिक समाघात दल की रिपोर्ट के अनुसार विशेषज्ञ समूह ने न्यूनतम निजी भूमि के अधिग्रहण की सिफारिश की है। इससे डाडबछाली तथा इससे लगे एक और गांव के किसानों की लगभग 260 एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई हो सकेगी। इसमें बताया जा रहा है कि भू-अधिग्रहण से न तो किसी परिवार का विस्थापन होगा और न ही कोई सार्वजनिक अथवा निजी अधोसरंचना को नुकसान पहुंच रहा है। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी कोटा ने बताया कि डाडबछाली जलाशय योजना के नहर बन जाने से 260 एकड़ में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे गांव के अनुसूचित जनजाति, जाति एवं पिछड़े वर्ग के किसान लाभान्वित होंगे। इन किसानों की आमदनी का मुख्य जरिया कृषि कार्य एवं मजदूरी है। इसके अलावा नहर निर्माण का कार्य पूर्ण होने से निस्तारी के लिए तालाबों को भरने की सुविधा मिलेगी। जिससे ग्राम के सतही जल का स्तर बढ़ेगा। विशेषज्ञ दल का यह भी मानना है कि योजना की लागत की तुलना में इसके फायदे अधिक हैं।

- दो गांव के 260 एकड़ खेतों की होगी सिंचाई

### नहर की लंबाई होगी 510 मीटर

रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पंचायत डाडबछाली में पूर्व में अर्जित भूमि प्रस्तावित योजना के लिए नहीं पाई गई। नहर निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि के विकल्प के रूप में पड़त अथवा अनुपयोगी भूमि नहीं पाए जाने का दल ने रिपोट किया है। ऐसी स्थिति में तकनीकी रूप से विकल्प भूमि पर विचार करने का कोई औचित्य नहीं है। प्रस्तावित नहर निर्माण की लम्बाई 510 मीटर है। एवं उतनी ही भूमि का अर्जन करने का प्रस्ताव दिया गया है जितने में नहर निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

### 1.60 एकड़ भूमि अर्जित करना प्रस्तावित

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी कोटा ने बताया कि डाडबछाली जलाशय नहर निर्माण से 260 एकड़ में सिंचाई सुविधा मिलेगी। जिसके लिए मात्र 1.60 एकड़ भूमि अर्जित किया जाना प्रस्तावित है, जो कि न्यूनतम प्रस्तावित भूमि है। भू-अर्जन से किसी भी परिवार का विस्थापन नहीं हो रहा है और न ही किसी सार्वजनिक अथवा निजी अधोसंरचना को नुकसान पहुंच रहा है।



## खबर संक्षेप

### समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ का गठन



**लोरमी।** समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष के रूप में जलेश साहू, जिला महामंत्री मनहारण साहू, जिला उपाध्यक्ष श्याममुकुंद साहू, कोषाध्यक्ष प्रमोद कश्यप, सहमंत्री रविन्द्र साहू को चुना गया। यह संगठन किसानों के हित में कार्य करेगी। किसानों ने जिला कलेक्टर राहुल देव से मुलाकात कर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्रांत कार्यकारी सदस्य मीडिया प्रभारी सुनील जायसवाल, सोनी वर्मा, राजाराम वर्मा, रंजित साहू, अजय कुमार चंद्रवंशी, मोहन वर्मा उपस्थित रहे।

### मिर्गी पीड़ित बच्चे की युवक ने की मदद



**तखतपुर।** बीच सड़क में मिर्गी का दौरा पड़ने के कारण तड़प रहे बच्चे को आसपास की भीड़ देखती रही लेकिन वहीं एक युवक ने पीड़ित युवक को प्राथमिक उपचार कर अस्पतला भेजा। जानकारी के अनुसार सुभाष नगर चौक के पास एक बच्चा बीच सड़क में मिर्गी का दौरा आ जाने के कारण गिर गया और तड़पने लगा और आसपास के लोग बीच सड़क में तड़पते देख आश्चर्य हो गए थे इस बीच कुछ समझ पाते प्रफुल्ल तिवारी ने भीड़ को किनारे करते हुए आगे आया और घायल पड़े बच्चे को सड़क किनारे लाकर इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

### नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने मनाया शहीदी दिवस



**बिल्हा।** छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन बिलासपुर द्वारा 23 मार्च को शहीदी दिवस मनाया गया। शहीद दिवस पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जी के छाया चित्र पर मालार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कई गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ममता सोनी द्वारा देशभक्ति के जज्बे को बढ़ाने के लिए शहीद भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों का पाठ किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष ममता सोनी जिला, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजू साहू, जिला उपाध्यक्ष शोभा चाहिल, सुकृता साहू, जागृति चाहिल, हीरा सिंह उपस्थित रहे।

### ग्राम कुली में दी गई शहीदों को श्रद्धांजलि



**खम्हरिया।** क्षेत्र के ग्राम कुली में 23 मार्च को युवाओं ने शहीद दिवस के अवसर पर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान युवा समूह ने शहीदों के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर भारत माता की जयकारे लगाए गए। संगठन के प्रमुख अर्जुन वस्त्रकार ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद दिवस भारत के उन वीर सपूतों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को अंग्रेजी हुकूमत ने फांसी पर लटका दिया था। इन तीनों क्रांतिकारियों ने न केवल अपने बलिदान से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी, बल्कि अपने विचारों से युवाओं के दिलों में देशभक्ति की अलख जगाई। सूरज यादव ने श्रद्धांजलि सभा की अगुवाई की एवं युवा शक्ति संगठन के पदाधिकारी अजय यादव, दीपक, मनीष ठाकुर, अशोक, गनपत, सीमा रजक, कबीर, प्रिंस, रवि, देवा, सनम, गजाधर, अमर, अक्षय, लवन ठाकुर के साथ सभी ग्रामवासियों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सराहनीय योगदान दिया।

### पेंशनर कल्याण संघ का होली मिलन समारोह



**मस्तूरी।** सुदर्शन सामुदायिक भवन में छग पेंशनर कल्याण संघ शाखा द्वारा होली मिलन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जहां एक ओर नगाड़े की थाप में होली के गीतों ने समां बांध दिया, वहीं सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रंग-गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली एवं रंगपंचमी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बिलासपुर पेंशनर संघ के अध्यक्ष जेपी शुक्ला, कार्यकारी अध्यक्ष डीआर अवस्थी, सचिव चेतन थवाईत, पूर्व प्रांताध्यक्ष आरपी शर्मा, के एस ठाकुर, उप प्रांताध्यक्ष आरएन राजपूत, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पुष्पा मिश्रा, बिल्हा अध्यक्ष मिश्रा, महामंत्री छाया करडेकर, शिवकुमार शर्मा, अकतराम सिन्हा, मस्तूरी तहसील अध्यक्ष शेषनारायण गुप्ता, संरक्षक विजय कुमार पाण्डेय, गोवर्धन प्रसाद सोनी, दीपक जायसवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सपल बनाने में एस गौतम, आरएस मिश्रा एवं पेंशनर संघ के सदस्यों उल्लेखनीय भूमिका रही।

## सूख चुके बारिश का पानी रोकने के लिए बनाए गए एनीकट

# तखतपुर क्षेत्र में 200 फीट नीचे पहुंचा भू-जलस्तर

**जल स्तर कम होने के कारण बेलपान का कुंड भी सूख गया**



तखतपुर क्षेत्र स्थित सूखे तालाब में बना दलदल, गर्मी मिटाने मवेशियों को कीचड़ में ही लोटना पड़ रहा। इनसेट में सूखा हुआ एनीकट।

**तखतपुर।** अभी मार्च महीना शुरू ही हुआ है और ग्रामीण इलाकों में जल संकट छाने लगा है। भू जलस्तर रसातल में चला गया है। 200 फीट नीचे पानी नहीं मिल रहा है। जो एनीकट बारिश का पानी रोकने के लिए बनाए गए थे वह भी एनीकट सूख चुके हैं।

तखतपुर क्षेत्र में इस बार गर्मी में जल संकट जबरदस्त होने वाला है। उसका नजारा अभी से दिखने लगा है। नगर की जीवन दायिनी मनियारी नदी पूरी तरह सूख गई है। अब सिर्फ गड्ढों में ही पानी बचा है। नदी के सूख जाने के कारण ग्रामीण निस्तारी के लिए परेशान हो रहे हैं। नगर में बरेला और खपरी से पानी सप्लाई होती है। पिछले एक सप्ताह से दोनों पंप हाउस से पानी सप्लाई सिर्फ इसलिए नहीं हो रही है क्योंकि भू जलस्तर 200 फीट नीचे चला गया है और अब जब नया पाइप डालकर पानी सप्लाई का प्रयास किया जा रहा है तो पानी ऊपर नहीं चढ़ पा रहा है। नगर में कई अभी से जलस्तर कम होने के कारण उनका गला सूख गया है। नर्मदा कुण्ड से निकलने वाले जल सोत्र से ग्राम टिहुलाडीह का एनीकट भरता था। जल स्तर कम होने के कारण बेलपान का कुंड भी सूख गया है जिसके कारण टिहुलाडीह का एनीकट सूखा पड़ा है। ग्राम नगोई में बने एनीकट का हाल भी यही है। बारिश का पानी रोकने के लिए जो एनीकट बनाए गए हैं सूख चुके हैं। गर्मी के दिन में आते तक यह एनीकट सूख जाते हैं।



## स्काउट गाइड द्वारा गर्मी में प्याऊ घर की सेवा सराहनीय: सुजीत

**लोरमी।** स्काउट्स एंड गाइड्स ने जनपद, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने स्कार्फ पहनाकर और पौधा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने सभी विद्यालयों में इस प्रकार की गतिविधि को संचालन करने हेतु सहमति प्रदान की एवं स्काउट गाइड के आगामी कार्यक्रम प्याऊ घर की प्रशंसा की।

युवाओं में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन, नियोजन एवं साहसिक गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए का सदस्यों द्वारा लोरमी क्षेत्र के वनांचल में राष्ट्रीय एडवेंचर निर्माण के लिए अपना प्रस्ताव रखा गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष ने आश्वासन देते हुए राष्ट्रीय एडवेंचर के लिए उपमुख्यमंत्री से चर्चा कर जमीन एवं राशि की व्यवस्था करने की बात कही एवं सभी स्कूलों में स्काउट गाइड का संचालन करने हेतु हुए दृढ़ संकल्पित हुए। इस दौरान स्काउट गाइड के सदस्यों ने नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा तथा नगर पालिका उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल से भी मुलाकात की। क्षेत्र की सभी विद्यालयों में दल संचालन करने और बच्चों के लिए यूनिफॉर्म की मांग की गई, जिसमें अपने जन्म दिवस पर बच्चों को यूनिफॉर्म प्रदान करने की घोषणा की गई। बच्चो के सेवा कार्यं को देखते हुए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने 1100 रुपए की नगद राशि प्रदान कर स्काउट गाइड आजीवन सदस्यता ली। इस अवसर पर अमित गुप्ता, सुषमा पांडे, सुभाषिनी राजपूत, गायत्री राजपूत, छलदेवी नवरंग, रामकुमार बघेल, लोकेश कुलमित्र, पुष्पा कुलमित्र, कमलेश कश्यप, शिवानी कश्यप, युगल राजपूत उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारीज अकलतरी में नवनिर्वाचित सदस्यों को किया गया सम्मानित

**मस्तूरी।** ब्रह्माकुमारीज अकलतरी पाठशाला के द्वारा जय ठाकुर देव चबूतरा में 'सशक्त महिला' विषय पर ब्रह्माकुमारीज महिला प्रभाग के द्वारा स्नेह मिलन, नव निर्वाचित सदस्यों का सम्मान एवं नशा मुक्त भारत जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी उपस्थिति रहीं।

ब्रह्माकुमारी पाठशाला अकलतरी से भी छह कन्याएं ब्रह्माकुमारी ईश्वरी, श्यामा, नीता, रजनी, देहुती, कविता ब्रह्माकुमारी संस्थान में समर्पित रूप से शिव शक्ति स्वरुप बनकर संसार परिवर्तन के कार्य में मददगार बनी हैं, यह बड़े सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम



में नवनिर्वाचित महिला सदस्य अकलतरी जनपद सदस्य पंकजा सिंह, सरपंच समे बाई धमदे, उपसरपंच वृंदाबाई साहू को सम्मानित किया गया। साथ ही पंच अर्चना साहू, सुनीता कश्यप, रामेश्वरी साहू, कौशल्या साहू, मदन कश्यप,जगेश्वर जायसवाल को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान पंकजा सिंह ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनें जो कह रही हैं इसे दिल से लगाए और अपने जीवन में अपनाएं। सरपंच समेबाई धमदे ने कहा कि इतनी अच्छी-अच्छी बातें सुनकर हमारा हृदय पवित्र हो गया। कुमारी रोशनी एवं कुमारी ईशा ने शुभ स्वागतम गीत पर नृत्य कर सभी का स्वागत किया। कुमारी हर्षिता ने युगों-युगों से ये पहेली है नारी गीत पर नृत्य किया। कार्यक्रम का संचालन बलौदा क्षेत्र कृषि विस्तारक अधिकारी सुरेश साहू ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

## वालीबॉल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**सीपत।** एनटीपीसी सीपत में 22 से 24 मार्च तक अंतर्क्षेत्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पश्चिम क्षेत्र-2 की रायपुर, कोरबा, गाडरवारा, लारा, खरगोन तथा सीपत परियोजनाओं की टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन 22 मार्च को डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में धूमधाम से किया गया। उद्घाटन समारोह के प्रारंभ में सभी टीमों के कप्तानों ने एकता व संगठन मशाल को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप्त कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक व विजय कृष्ण पाण्डेय कार्यकारी निदेशक को सौंपा। उसके बाद बाल भारती पब्लिक स्कूल के बच्चों के साथ सभी टीमों द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस अवसर पर राष्ट्रध्वज व एनटीपीसी ध्वज के सम्मान में सभी ने राष्ट्रगान व एनटीपीसी गीत गाया। क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक प्रदीप्त कुमार मिश्रा ने सभी को संबोधित करते हुए इस



प्रतियोगिता के उद्देश्य के बारे में बताया एवं मुख्य अतिथि ने वालीबॉल सर्विस कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। इस अवसर पर आएशा मिश्रा, अध्यक्षा अर्पिता महिला समिति, साधना पाण्डेय अध्यक्षा संगवारी महिला समिति, अनिल शंकर शरण महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी, सभी टीमों के खिलाड़ी, स्पोर्ट्स काउंसिल सीपत के समिति सदस्य, आयोजन समिति के सदस्य, यूनियन एसोशियसन के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एनटीपीसी कोरबा एवं गाडरवारा की टीम के बीच 24 मार्च 2025 खेला गया, जिसमें कोरबा की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। मैच के बाद विजय कृष्ण पाण्डेय ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन के लिए अपनी बधाई दी एवं कोरबा को विजेता ट्रॉफी एवं गाडरवारा को उप विजेता ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मैन ऑफ द टूर्नामेंट, मैन ऑफ द मैच, बेस्ट सर्विस, बेस्ट लिफ्टर, बेस्ट डिफेंडर, बेस्ट स्मैशर पुरस्कारों से खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

## जपं सदस्य बंजारे की अनूठी पहल बच्चों को देंगे निशुल्क कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

क्षेत्र के गरीब व जरूरतमंद बच्चो को निशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने मस्तूरी जपं क्षेत्र क्रमांक 17 के जपं सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे ने अनूठी पहल की है। पेशे से निजी स्कूल व महाविद्यालय में शिक्षक श्री बंजारे का कहना है कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण ग्रामीण इलाकों के प्रतिभावान बच्चे बेहतर शिक्षा से वंचित हो जाते हैं, जिसके चलते वे आगे नहीं बढ़ पाते।



खासकर मस्तूरी क्षेत्र के सुदूर गांव जहां के बच्चे अच्छी शिक्षा नहीं मिल पाने के कारण पुनीत कामों की शुरुवात कर रहे है। उन्होंने बताया कि आगामी अप्रैल माह से ही वे अपने क्षेत्र के 11 गावों में से 4 गांव मे निशुल्क कोचिंग सेंटर की शुरुआत करेंगे। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने प्रयास करेंगे। इस काम की शुरुआत के लिए एक टीम भी बनाई गई है जो पूरे शिक्षा सत्र के दौरान बच्चो को गाइड करेगी। श्री बंजारे वर्तमान में पचपेड़ी के एक निजी कॉलेज में सहायक प्राध्यापक व मल्हार के एक निजी स्कूल में प्राध्यापक के रूप में सेवा दे रहे हैं। शुरू से ही मेधावी रहे श्री बंजारे का कहना है कि वे शिक्षकीय कार्य के बीच राजनीति में भी आ गए हैं एवं उनको अब जनसेवा का दायित्व भी मिल गया है। लेकिन एक शिक्षक होने के नाते उनकी पहली प्राथमिकता शिक्षा पर होगी, क्योंकि शिक्षा से ही समग्र के रास्ते खुलते हैं। जरूरतमंद व गरीब बच्चों को सही मार्गदर्शन मिलने पर वे आगे जाकर देश के लिए बेहतर सोच सकते हैं। उन्होंने कहा की शिक्षा से सेवा की इस मुहिम में जनपद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सभी जनपद सदस्यों का मार्गदर्शन मिल रहा है जिससे वे एक नई ऊर्जा के साथ क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने का प्रयास करते रहेंगे।

### श्रीकृष्ण महारास लीला का आयोजन 6 अप्रैल से

**तखतपुर।** ग्राम ठाकुरकापा में श्रीकृष्ण महारास लीला का आयोजन 6 अप्रैल से 12 अप्रेल तक किया गया है। आचार्य छेदीधर दीवान, रास मण्डली संतराम साहू, कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक धर्मजीत सिंह उपस्थित रहेंगे।



### विजयपुर किला में नवरात्र पर होगी देवी भागवत कथा

**तखतपुर।** विजयपुर किला में चैत्र नवरात्रि पर श्रीमद् देवी भागवत महापुराण एवं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाएगा। साथ ही 1 से 4 अप्रैल तक यहां पांडवानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें योगेश्वरी सेन अपनी प्रस्तुति देंगी।

### पीएम दौरे की तैयारियों के लिए भाजपा की बैठक आज

तखतपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मार्च को बिल्हा आगमन की तैयारियों हेतु 26 मार्च दोपहर 2 बजे मोहन वाटिका में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया है।

## फर्जी सिम जारी करने वाले दो पीओएस संचालकों पर कार्रवाई




**गौरेला।** गौरेला थाना क्षेत्र में फर्जी सिम कार्ड जारी करने के मामले में जीपीएम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो सिम विक्रेताओं को गिरफ्तार किया है।

ये आरोपी ग्राहकों को धोखा देकर उनकी पहचान से फर्जी सिम कार्ड जारी कर रहे थे। छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रत्येक जिले में सक्रिय फर्जी पीओएस संचालकों की जानकारी जांच हेतु जिलों को दी गई थी, जिसके बाद जांच के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने थाना प्रभारी गौरेला निरीक्षक नवीन बोरकर और सायबर सेल जीपीएम को तत्काल आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देशित किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के सुपरविजन में थाना प्रभारी गौरेला और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उक्त कार्रवाई में साइबर सेल के उप निरीक्षक सुरेश ध्रुव, सहायक उप निरीक्षक मनोज हनोतिया, प्रधान आरक्षक रवि त्रिपाठी, आरक्षक राजेश शर्मा सुरेन्द्र विश्वकर्मा हर्ष गहरवार इंद्रपाल आर्मो और दुष्यंत मसराम की मुख्य भूमिका रही।

### टेलीकॉम एक्ट के तहत कार्रवाई

गिरफ्तार सिम विक्रेताओं में उमाशंकर चक्रधारी 33 वर्ष पुराना गौरेला, वार्ड नंबर 7 और मोहनीश श्रीवास्तव 22 वर्ष निवासी अहिरान टोला, वार्ड नंबर 14 शामिल हैं। इनके आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 318(2), 318(3), 318(4), 316(2), 61(2)(बी) एवं सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 66(सी) और 66(डी) और टेलीकॉम एक्ट 2023 की धारा 42 (3ई) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## हाथियों की चिंघाड़ से गूंज रहा चिकनीपाली का जंगल



**कोरबा।** जिले का जंगल हाथियों के लिए चारा, पानी व रहने लायक बेहतर वातावरण है। जिसके कारण 6 हाथियों के दल को कोरबा वनमंडल के करतला रेंज का चिकनीपाली जंगल भा गया है और वह लगभग 2 माह से यहां के कक्ष क्रमांक 1168 पर डेरा जमाया हुआ है। हाथियों का दल यहां पहाड़ के नीचे गुफानुमा क्षेत्र में दिन भर विश्राम करने के बाद रात को निकलते हैं और आसपास चारा चरने के बाद पुनः वापस लौट आते हैं और विश्राम करने लग जाते हैं। हाथियों की मौजूदगी के कारण यह जंगल उनकी चिंघाड़ से लगातार गुंजायमान होते रहता है जिससे ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी का पता चल जाता है और वे इससे दूरी बनाए रखते हैं। हालांकि वन विभाग हाथियों की उपस्थिति को लेकर सतर्क है और लगातार उनकी निगरानी करने के साथ आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने करने का काम लगातार जारी रखे हैं। उधर कटघोरा वनमंडल के एतमानगर, केंदई, पसान व जटगा क्षेत्र में भी हाथियों की लगातार सक्रियता बनी हुई है। यहां अलग-अलग झुंडों में 62 की संख्या में हाथी घूम रहे हैं।

### लगातार हो रही बिजली कटौती से लोग परेशान

**तखतपुर।** लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बिजली कटौती के कारण छोटे छोटे उद्योग करने वाले परेशान हो रहे हैं। नियमित बिजली सप्लाई के लिए व्यवसायी ने आवेदन दिया है। ग्राम तरईगांव में पोल्ट्री फार्म का संचालन करने वाले सरफराज खान ने बिजली विभाग को शिकायत की है कि तेलीयापुरान फीडर में पीछले पांच छह दिनों से लगभग 3 से 4 घंटे बिजली रहती है शेष समय में बिजली बंद रहती है इसके कारण उसके मुर्गी पालन में दिक्कत हो रही है। मुर्गी पालन के लिए डीजल से जनरेटर चलाया जा रहा है।


### निधन

#### विजय कुमार जोशी



**बिलासपुर।** बैमा नगोई निवासी सेवानिवृत शिक्षक विजय कुमार जोशी का 25 मार्च को निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 26 मार्च को ग्राम बैमा नागोई में सुबह 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सुयश जोशी, प्रियंका जोशी के पिता थे।

#### गीता राम रत्नाकर



**बिलासपुर।** सकरी ग्राम पांड के कृषक गीता राम उर्फ दशरथ रत्नाकर का 21 मार्च को निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे दिलेश रत्नाकर के पति, कमलेश, दुर्गेश, योगेश, लोकेश, मिथलेश रत्नाकर के पिता थे।

### NAME CHANGE

I hitherto known as Shailendra S/O Bhaskar employed as Scientific Officer in State Forensic Science Laboratory, Home (Police) Department, Govt. of Chhattisgarh, Police Lane Campus, Tikrapara, Raipur R/O Makan No. 16, Ward 09, School Para, Hardi, Post - Bija, Bilaspur (Chhattisgarh) – 495113 have changed my name and shall hereafter be known as SHAILENDRA KUMAR.

**Shailendra**
Makan No. 16, Ward 09, School Para, Hardi, Post - Bija, Bilaspur (Chhattisgarh) – 495113

### आमसूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार सुरजीत सिंह पिता भगतराम निवासी पुराना हाईकोर्ट के सामने, बिलासपुर छ.ग. से अधिकृत होकर आमसूचना जारी करता हूं कि मौजा उमरिया प.ह.नं. 00019 रा.नि.म. बिल्हा तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित म.नं. 01, ख.नं. 169 रकबा 0.58ए हेक्टे. 0.235 हे जो कि श्रीमती नीरा बाई, उम्र 43 वर्ष पति श्री सुक्खु वर्मा लिं. म. जाति लोधी, निवासी ग्राम उमरिया पोस्ट आफिस बिटकुली थाना व तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. से उक्त जमीन को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशि का भुगतान विक्रेतागण को कर दिया है। जिसकी रजिस्ट्री बयनामा शीघ्र ही निष्पादित किया जाना है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 दिनों के अन्दर समस्त कागजात सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा इसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी।

दिनांक: 25.03.2025

कंवरपाल सिंह गांधी अधिवक्ता
उच्च न्यायालय, बिलासपुर
कार्यालय-गुरुद्वारा के पास, दयालबंद, बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9893504000

### सूचना

प्रति, 1. वर्षा आहूजा पति राजेश आहुजा 2. साधुराम वगै. 3. महेन्द्र सलूजा 4. फेकूलाल सूर्यवंशी 5 प्रहलाद सूर्यवंशी पि. पतिराम।

विषय: सीमांकन में उपस्थित रहने बाबत।

संदर्भ- न्याया. ना. तहसीलदार 3 कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर ज्ञापन क्र. Q/ना.तह/बा./2025 बिलासपुर दिनांक 05/03/2025

महोदय, विषयांतर्गत लेख है कि आवेदिका वर्षा आहुजा आ. राजेश आहुजा निवासी सरकण्डा ने अपने नाम की भूमि ग्राम बहतराई स्थित भूमि ख. नं. 199/1 रकबा 0.27 एकड़ भूमि का सीमांकन हेतु न्याया नायब तहसीलदार बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका सीमांकन 28/03/2025 दिन शुक्रवार को समय 12.00 बजे किया जाना है। समस्त चौहद्दी धारी निर्धारित समय में अपने भूमि संबंधित दस्तावेज लेकर मौके पर उपस्थित होवे उपस्थित नहीं होने की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

**भारत सिंह राज, पटवारी**
**प.ह.न. 48 तह.बिलासपुर**

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 26 मार्च 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## आयोजन

### लेंट पर्व : क्वायर ग्रुप ने दी सुमधुर गीत संगीत की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** मसीहियों के उपवास कालीन लेंट पर्व के 20 वें दिन चर्च ऑफ़ ख्राईष्ट सीएमडी चौक स्थित चर्च के निर्वाचित प्राचीन पक्ष द्वारा उपवास काल की मीटिंग वॉयरलेस कॉलोनी में नॉर्मन हेनरी के निवास स्थान में रखी गई। इसमें क्वायर ग्रुप ने शामुएल वालेस के नेतृत्व में सुमधुर गीत-संगीत की प्रस्तुति दी।आराधना का संचालन जोशपीन मसीह व बाइबल का पठन बोल्डी कुमार ने किया। प्रार्थना की अगुवाई ज्योति वालेस और रीना दास ने की। पास्टर सुदेश पॉल ने प्रवचन प्रचारित किया। उन्होंने बताया कि मछुआरा पतरस की कहानी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे अपने साथियों के साथ गन्नेशरत की झील में पूरी रात मेहनत करने के बाद एक भी मछली नहीं पकड़ पाया था। बाद में यीशु मसीह के आदेशों का पालन करते हुए उसने गहरे में जाल डाला तो बहुत सी मछलियों को घेर लाया और उसकी जाल फटने लगी तब दूसरे नाव के अपने मछुआरे साथी को बुलाया। दोनों नाव मछलियों से भर गई। इस अद्भुत चमत्कार को देखकर मछुआरे अचंभित हो गए। इसी तरह यदि हम भी यीशु मसीह के बताए मार्गों पर चलें, उसकी शिक्षाओं और आज्ञाओं का पालन करें, उसका अनुसरण करें तो हम लोग भी यीशु मसीह द्वारा असीमित आशीषों को प्राप्त कर सकेंगे और हमारे लिए कोई कार्य असंभव नहीं होगा।

## कार्यक्रम

### महिलाओं ने दी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति मारवाड़ी महिला समिति का आयोजन



**बिलासपुर।** मारवाड़ी महिला समिति की सदस्यों ने परशुराम भवन में भजन कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। सभी ने भजनों का आनंद लेते हुए झूम उठे। इस मौके पर कोमल संतोष शर्मा, सीता शर्मा, पुष्पा शर्मा, सपना शर्मा, प्रतिभा शर्मा, शिवानी शर्मा, नेहा शर्मा, प्रिया शर्मा, ममता शर्मा, अनिता, शर्मा, रोमा शर्मा, निर्मला शर्मा, प्रीति मटोलिया, आरती माटोलिया, सुनीता शर्मा उपस्थित रहीं।

## वितरण

### अमृताभिषेक कर मनाई हेमू कालाणी की जयंती, वृद्धाश्रम में किया फल वितरण



**बिलासपुर।** सामाजिक संस्था सेवा एक नई पहल ने वीर सपूत हेमू कालाणी की 123 वी जयंती उनकी प्रतिमा पर अमृताभिषेक कर मनाई। इस दौरान जोरापारा स्थित वृद्धाश्रम में फल वितरित किया गया। संस्था के संयोजक सतराम जेठमलानी ने कहा कि 23 मार्च 1931 को बलिदान दिवस पर अमर शहीद भगत सिंह ने अपनी माता से कहा था कि भारत मां की सेवा के लिए वह जल्द वापस लौटेगा। माता द्वारा पहचानने की बात पूछने पर भगत सिंह का उत्तर था जब भी कोई वीर सपूत मातृ भूमि के लिए लड़ता दिखे तो समझ लेना तुम्हारा ही लाल है। 23 मार्च 1923 को जन्मे हेमू कालाणी ने शहीदे आजम का अनुसरण करते हुए 19 वर्ष की कम उम्र में 21 जनवरी 1943 को भारत माता के चरणों में आत्म बलिदान कर सदा के लिए अजर अमरता प्राप्त कर ली थी।

## शिविर

### दुर्गावाहिनी की बहनों ने बच्चों को कराया गायत्री मंत्र का उच्चारण



**बिलासपुर।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी की बहनों ने सेंदरी में बाल संस्कार केंद्र लगाया। जहां बहन रोशनी सोनी ने बच्चों को ॐ, विजय महामंत्र, गायत्री मंत्र का उच्चारण करा सरस्वती वंदना कराया। जसगीत गवाए गए। साथ ही पंथी और खेल-खेल में अपने धर्म से अवगत कराया। यहां की केंद्र में 55 बच्चों की उपस्थिति रही। आगे बाल संस्कार केंद्र का संचालन बहन रागिनी साहू द्वारा किया जाएगा। ज्ञात हो कि विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी द्वारा शहर के अनेक स्थानों में बाल संस्कार केंद्र लगा कर उन्हें संस्कारवान बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। इस केंद्र से बच्चे उत्साह के साथ जुड़ भी रहे हैं।

परीक्षा की तैयारियों में जुटे छात्र, एक दर्जन से अधिक परीक्षाएं होगी

# व्यापमं की प्रतियोगी परीक्षाएं अप्रैल से जून तक सीजीपीएएसी व प्रीलिम्स की परीक्षा 25 मई को




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इन आयोजित परीक्षाओं में इंजीनियरिंग, फॉर्मसी, आर्किटेक्चर और डेयरी टेक्नोलॉजी विषय चुनने वाले परीक्षार्थी शामिल होंगे। व्यापमं ने प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश के लिए परीक्षा का संभावित शेड्यूल जारी कर दिया है। पीपीटी परीक्षा 1 मई को कराई जाएगी। प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन की शुरुआत हो चुकी है। व्यापमं ने अपनी वेबसाइट पर आवेदन विंडो चालू कर दिया है। इसके अलावा प्री-एमसीए प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल भी जारी किया गया है। तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाओं की संभावित तिथियों का ऐलान कर दिया है। इस साल प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट यानी पीईटी की परीक्षा 8 मई को ली जाएगी। इस प्रवेश के ऑनलाइन आवेदन भी शुरू करा दिए गए हैं। इस साल बड़ा बदलाव परीक्षा के दौरान यह है कि प्री-पॉलीटेक्निक परीक्षा तो सभी जिला मुख्यालयों में होगी, पर प्री-एमसीए प्रवेश परीक्षा के लिए सिर्फ दो सेंटर रायपुर और बिलासपुर बनाए जाएंगे। इस प्रवेश परीक्षा के लिए दुर्ग में सेंटर नहीं होगा। इसी तरह सीजीपीएससससी व यूपीएससी प्रीलिम्स की परीक्षा 25 मई को होगी।



### सीजीपीएससी की मुख्य परीक्षा 24 से

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा 24 से 27 जून तक आयोजित की जाएगी। इसमें वे अभ्यर्थी ही शामिल होंगे जो प्रारंभिक परीक्षा क्लीयर कर लिए है। इसके साथ ही सांख्यिकी अधिकारी की भी परीक्षा आयोग द्वारा ली जाएगी।

### नहीं लगेगा आवेदन शुल्क

व्यापमं की किसी भी प्रवेश परीक्षा के आवेदन करने के लिए छत्तीसगढ़ के मूल निवासी परीक्षार्थी को कोई शुल्क नहीं देना होगा। यानी इस बार भी आवेदन या परीक्षा शुल्क पूरी तरह से माफ रहेगा। व्यापमं ने हाल ही में अपनी नई वेबसाइट लॉन्च की है। इस तरह व्यापमं की दो वेबसाइट्स एक्टिव है। छात्र वेबसाइट का लगातार अवलोकन करते रहें। इन वेबसाइट में ही आगे की सभी प्रक्रियाएं बताई जाएंगी।



### परीक्षार्थी पहले बनाएंगे प्रोफाइल

व्यापमं के पोर्टल पर अब अभ्यर्थी को अपना प्रोफाइल बनाना होगा। व्यापमं की किसी भी परीक्षा के आवेदन तभी कर सकेंगे, जब आपका प्रोफाइल रेडी होगा। आमतौर पर एक अभ्यर्थी व्यापमं की कई परीक्षाओं के लिए आवेदन करता है। ऐसे में अलग-अलग भर्ती परीक्षा के लिए उन्हें हर बार आवेदन में व्यक्तिगत जानकारियां भरनी पड़ती है। अब अभ्यर्थियों को इससे छुटकारा मिल गया है। व्यापमं ने ऐसा सिस्टम डवलप किया है, जिससे किसी भी परीक्षा का आवेदन आपको व्यक्तिगत जानकारी नहीं भरनी होगी। बल्कि आपके द्वारा बनाए गए प्रोफाइल में दी गई जानकारी को व्यापमं का पोर्टल अपने आप फार्म में फीड कर लेगा।

### कोचिंग, लाईब्रेरी व नोट्स का ले रहे सपोर्ट



आईसीएस कोचिंग के डायरेक्टर बृजेन्द्र शुक्ला ने बताया की छत्तीसगढ़ में होने वाली तमात प्रतियोगी परीक्षाओं को देने में युवा छात्रों में बेदह उत्साह है। वे लगातार सरकार द्वारा निकाली जा रही वैंकेसी पर आवेदन डाल रहे है। इसके तैयारी के लिए कोचिंग, लाईब्रेरी व पर्सनल नोट्स का सपोर्ट ले रहे है।

## विद्यार्थी का कल्याण एवं परमार्थ ही शिक्षक का मूल कर्तव्य



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा रजत जयंती सभागार में कॉन्ट्रीब्यूशन ऑफ फैकेल्टी इन दि ग्रोथ ऑफ ए यूनिवर्सिटी विषय पर विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल ने व्याख्यान दिया।

उन्होंने कहा कि जब तक हम आध्यात्म की तरफ नहीं चलेंगे तब तक हम शांत मन से चुनौतियों का सामना नहीं कर पाएंगे। हम सभी को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन रहता है तथा सभी लक्ष्यों की प्राप्ति में स्वस्थ शरीर अत्यधिक सहायक होता है। शिक्षक के समर्पण के बिना विद्यार्थी, समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है। राष्ट्र के विकास में शिक्षकों की भूमिका अहम है और परमार्थ शिक्षक का मूल चरित्र है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय को दुनिया का श्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। कुलपति ने कहा कि गुरु एक तत्व है जिसकी प्राप्ति के लिए हम सभी यात्रा कर रहे हैं। हम सभी को जीवन को सरल एवं कल्याणकारी बनाने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षक का कर्तव्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का है। नवीन ज्ञान को अपनाते हुए रचनात्मकता को बढ़ाते हुए विद्यार्थियों को सबल बनाकर राष्ट्र के निर्माण में योगदान करना चाहिए। ज्ञान एक प्रवाहमान नदी की तरह है जिसमें नवीनता का संचार होते रहना चाहिए।

कार्यक्रम में सौराष्ट्र विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. नीलांबरी दवे ने कहा कि कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल के नेतृत्व में आप सभी के सामूहिक प्रयासों से लगातार प्रगति हो रही है जो विभिन्न प्रकार की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग के अच्छे परिणमों से परिलक्षित होती है। शिक्षकों को शिक्षण, शोध के साथ ही सामाजिक सरोकारों के कार्यों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. अमित कुमार सक्सेना एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमित कुमार गुप्ता ने किया।

## भक्त माता कर्मा नारी सशक्तिकरण की प्रतीक

**बिलासपुर।** भक्त माता कर्मा जयंती के उपलक्ष्य में शहर में साहू समाज तथ विभिन्न संगठनों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जयंती के उपलक्ष्य में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। सामाजिक समरसता अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा रविवार को भक्त माता कर्मा की जयंती को दीपोत्सव के रूप में मनाया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने इस अभियान के लिए सभी ब्लाक, ज़ोन, सेक्टर अध्यक्षों से भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया था। कांग्रेस के सभी जिला पदाधिकारी ब्लॉक से लेकर बूथ स्तर तक सभी ने भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर अपने अपने घरों में दीपक जलाकर सद्भावना एवं



एक दीया भक्त माता कर्मा के नाम, शहर में विभिन्न कार्यक्रम

भाईचारा का संदेश दिया।

इसी क्रम में जिला कांग्रेस भवन में सुबह से ही दीप वितरण कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया था और शाम तक पन्द्रह सौ दियों का वितरण किया गया। कांग्रेस जनों के द्वारा संध्या समय पर भक्त माता कर्मा की रंगोली सजाकर दीप प्रज्ज्वलित किया गया, कर्मा माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि किसी संत, महापुरुष को एक समाज तक सीमित कर देना सही नहीं होता, संत महात्मा तो सर्व समाज का धरोहर होता हैं। भक्त कर्मा माता ने समस्त मानव समाज को मार्ग दिखाने का काम किया था और आज भी उनके बताए रास्ते पर चल कर ही भाईचारा और सद्भावना के सामाजिक लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता हैं। भक्त माता कर्मा न सिर्फ साहू समाज अपितु त्याग, तपस्या और नारी सशक्तिकरण का प्रतीक है जो कि सर्वसमाज के लिए पूज्यनीय हैं। जहां विभिन्न समाजों के बीच में वैमनस्यता एवं भेदभाव का बोलबाला है ऐसे में माता कर्मा के द्वारा बताए गए मार्ग एवं विचारों को आत्मसात कर सर्वसमाज में एकता, भाईचारा और समरसता का वातावरण बनाया जा सकता हैं। दीप प्रज्ज्वलित कर शाम 6 बजे कांग्रेस भवन में भक्त माता कर्मा की पूजा आरती की गई। इस अवसर पर विजय केशरवानी, राजेन्द्र साहू डब्बू, ऋषि पाण्डेय, लक्ष्मीनाथ साहू, पवन साहू, जगदीश कौशिक, पुष्पेन्द्र साहू, विनोद साहू ब्लॉक अध्यक्ष, सुनील सोनकर पार्षद, पप्पू साहू, राजेश साहू, रमाकांत साहू सर्वसमाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## आईसीएआई की भागीदारी बढ़ाने वित्तीय जागरूकता पर चर्चा

**बिलासपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की अखिल भारतीय प्रबंधन समिति की बैठक दिल्ली में आयोजित की गई। जिसमें बिलासपुर शाखा प्रबंधन समिति के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में देशभर से आईसीएआई की विभिन्न शाखाओं के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। चार्टर्ड अकाउंटेंसी प्रोफेशन के विकास, नीति-निर्माण और शाखाओं की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक के दौरान आईसीएआई की आगामी योजनाओं, तकनीकी



बिलासपुर शाखा प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बैठक में लिया हिस्सा

नवाचारों और व्यावसायिक नैतिकता को सुदृढ़ करने के विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बिलासपुर शाखा के प्रतिनिधियों ने स्थानीय स्तर पर आईसीएआई की गतिविधियों, सदस्यों की भागीदारी बढ़ाने और वित्तीय जागरूकता को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा संगठन की मजबूती और प्रभावी संचालन को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक का समापन आईसीएआई की निरंतर प्रगति, प्रोफेशनल एकता और उत्कृष्टता को बनाए रखने के संकल्प के साथ किया गया। जिससे उन्हें राष्ट्रीय स्तर की चर्चाओं में भाग लेने और अन्य शाखाओं के सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से सीखने का अवसर प्राप्त हुआ।

इस बैठक में सीआईआरसी के वाईस चेयरमैन दिनेश अग्रवाल, बिलासपुर शाखा के चेयरमैन सीए मनीष सखूजा, वाइस चेयरमैन सीए मंगलेश पांडेय, सेक्रेटरी सीए उदय चौरसिया, कोषाध्यक्ष सीए प्रखर बंसल, सिकासा चेयरपर्सन सीए मिलि डे, एग्जीक्यूटिव मेंबर सीए अविनाश टुटेजा शामिल हुए।

मेंस सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता

## बिलासपुर ब्लू की लगातार दूसरी जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्पोर्ट्स न्यूज

स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बिलासपुर ब्लू अपना दूसरा मैच भिलाई के सेक्टर 10 मैदान में जांजगीर चांपा के मध्य खेल रही थी।जिसमें जांजगीर चांपा ने तीसरे दिन का खेल खत्म होते तक एक विकेट खोकर 59 बना लिए थे ।दूसरे मैच के चौथे दिन जांजगीर चांपा ने 59 से आगे खेलते हुए 81.1 ओवर में चार विकेट खोकर 282 रन बना लिए और कोई नतीजा नहीं निकलने पर मैच ड्रॉ कर दिया गया और बिलासपुर ब्लू ने पहली पारी के बढ़त के आधार पर जीत



दर्ज की और तीन अंक हासिल करने में सफल हुई। जांजगीर चांपा की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आयुष शर्मा ने नाबाद 101 रनों की शानदार पारी खेली और उसका साथ संजीव सिंह ने 40 रनों का योगदान दिया जैनेंद्र सिडार ने 52 और कप्तान साहबान खान ने 54 रनों योगदान दिया । बिलासपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए श्रेयम सुंदरम दीपक सिंह बघेल इम्तियाज़ खान और परिवेश धर ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। मैच के निर्णायक सुनील डरसेना और हरप्रीत सिंह थे स्कोरर नंद गिरीश और ऑब्जर्वर दलजीत सिंह सिडाना टीम के कोच सुशांत शुक्ला थे। बिलासपुर ब्लू अपना तीसरा मैच भिलाई के सेक्टर 10 मैदान में रायपुर ब्लू के मध्य 27 मार्च को खेलेगी।

सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता बिहार में

## कबड्डी में भाग लेने छत्तीसगढ़ की टीम रवाना

34 वी सब जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप बालक व बालिका में भाग लेने छत्तीसगढ़ की बालक व बालिका टीम जिले की मेजबानी में आयोजित प्रतियोगिता के लिए बिहार रवाना हुए। इस संबंध मे जानकारी देते हुवे छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ महासचिव प्रदीप यादव ने बताया की 27 से 30 मार्च तक 34 वी सब जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप बालक व बालिका का आयोजन बिहार राज्य के गया जिले की मेजबानी में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता मे भाग लेने छत्तीसगढ़ की सब जूनियर बालक व बालिका टीम साउथ बिहार एक्सप्रेस से रवाना हुए छत्तीसगढ़ की दोनों टीम काफ़ी संतुलित है और इस बार मैडल के प्रबल दावेदार है। विगत वर्षो में बालक टीम छत्तीसगढ़ को



राष्ट्रीय स्तर पर मैडल दिलाया और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। इस बार भी मैडल की उम्मीद है, प्रतियोगिता से पहले टीम का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था, जिससे खिलाड़ियों को खेल कौशल स्किल से अवगत कराया गया बालिका व बालक टीम को कबड्डी किट व ट्रैकशूट खेल एंव युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदान किया गया। जिससे टीम राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा खेल का प्रदर्शन कर मैडल जीत सके। इस मौके पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, प्रमोद चौधरी, निरंजन सिन्हा, कोमल मरावी, छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ कोषाध्यक्ष सेवाराम साहू, संगठन सचिव ओमप्रकाश जायसवाल, बिलासपुर जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष जीवन मिश्रा आदि ने शुभकामनायें दी है।

## खबर संक्षेप

### 67 लोग थाने में तलब लिया गया फिंगरप्रिंट



**बिलासपुर।** एक बार फिर शहर में किराए का मकान लेकर नारियल, गुपचुप ठेला, फेरी लगाकर व्यापार करने वाले दूसरे प्रदेश के 67 लोगों को थाने में तलब कर पूछताछ हुई है। साथ ही फिंगरप्रिंट लेकर मुसाफरी दर्ज की गई है। एसएसपी रजनेश सिंह ने 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शहर आगमन को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से दूसरे प्रदेश के लोगों की धरपकड़ करने का निर्देश दिया है। सोमवार की रात सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने स्टाफ के साथ क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर नारियल, गुपचुप ठेला व फेरी लगाने वाले दूसरे प्रदेश के 67 लोगों को पकड़कर घरों की तलाशी लेने के बाद थाने में तलब किया। पूछताछ करने के बाद सभी का फिंगरप्रिंट लेकर मुसाफरी दर्ज कर अपराधिक गतिविधियों में शामिल नहीं होने की चेतावनी देकर छोड़ दिया है। 3 दिन पहले तालापारा, ट्रैफिक थाना के पीछे किराए के मकान में रहने वाले दूसरे प्रदेश के 40 से 50 लोगों को थाने में तलब कर फिंगरप्रिंट लेकर मुसाफरी दर्ज किया गया था। पुलिस दूसरे प्रदेश से आकर यहां रहने वालों पर सतत नजर रख रही है।

### अवैध परिवहनः दो हाइवा सहित 10 ट्रैक्टर जब्त



**बिलासपुर।** खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर कार्रवाई की गई है। टीम ने मंगला, निरतु, घुटकू, गनियारी, सरकंडा, सीपत एवं अन्य क्षेत्रों में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की लगातार जांच की। इस दौरान बिना वैध पास के खनिज रेत, मुरुम व मिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 12 मामलों पर कार्रवाई की गई। इसमें मंगला पाटबाबा व धुरीपारा क्षेत्र से 5 ट्रैक्टर, तुरकाडीह क्षेत्र से एक ट्रैक्टर, निरतु क्षेत्र से एक ट्रैक्टर, सरकंडा क्षेत्र से एक ट्रैक्टर व सीपत क्षेत्र से 2 ट्रैक्टर सहित कुल 10 ट्रैक्टर रेत का परिवहन करते पाए गए। इसी तरह रहंगी क्षेत्र से एक हाइवा पकड़ा गया। इसमें रेत का परिवहन किया जा रहा था। इसके साथ ही एक हाइवा घुटकू से पकड़ा गया। इसमें मुरुम का अवैध परिवहन किया जा रहा था। इसमें से किसी भी वाहन के पास परिवहन के लिए वैध पास नहीं था। सभी वाहनों को जब्त कर थाना सकरी, कोनी, सरकंडा एवं सीपत में रखा गया है। खनिज विभाग के मुताबिक राजस्व और पुलिस विभाग के साथ मिलकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### महिला की सोने की चेन लेकर भागे दो युवक

**बिलासपुर।** सफाई करने का झांसा देकर एक महिला के सोने की चेन लेकर दो युवक भाग गए। पुलिस युवकों का सुराग अब तक नहीं लगा पाई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजकिशोरनगर श्रृंगार कालोनी निवासी निगम कर्मचारी विनोद कुमार गुप्ता सोमवार को ड्यूटी पर चले गए थे। दोपहर 12 बजे दो युवक उनके घर और उनकी पत्नी सत्यभामा को बर्तन जेवर सफाई करने की बात कहीं। उनकी पत्नी ने उन्हें तांबे का लोटा सफाई करने दी। उन्होंने लोटा चमकाकर दे दिया। उसके बाद श्रीमती गुप्ता ने चांदी के पायल सफाई करने दी। उसे भी युवकों ने चमकाकर लौटा दिया। युवकों ने उन्हें सोने की चेन चमकाकर देने की बात कहीं। उनकी बातों में आकर उन्होंने सोने की चेन निकालकर दे दी। युवकों ने चेन लोटा में डालकर गर्म पानी लेकर आने को कहा। श्रीमती गुप्ता गर्म पानी लेने गई तब दोनों युवक सोने की चेन लेकर फरार हो गए। उन्होंने घटना की जानकारी अपने पति को दी। उसके बाद श्री गुप्ता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात दो युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों युवकों का सुराग नहीं लगा पाई है।

---

**सरकारी उपेक्षा के कारण अधूरी है बिल्डिंग** राशि नहीं मिलने के कारण करीब 3 साल से ठेकेदार काम छोड़ गया था

# जागी आस, वेटनरी कालेज का निर्माण शुरू, इस साल के अंत तक तैयार होगी बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पशु चिकित्सा महाविद्यालय की निर्माणाधीन बिल्डिंग का काम शुरू हो चुका है। फंड की कमी के चलते करीब 3 साल निर्माण कार्य बंद रहा है, जिसके चलते बिल्डिंग खंडहर में बदलने लगी थी। वेटनरी विश्वविद्यालय में अधिकारियों की पदस्थापना के बाद नए सिरे से निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

- **तीन साल बाद ठेकेदार ने शुरू किया काम**

राज्य का दूसरा वेटनरी कॉलेज 10 सालों से अधूरा है, रूपए नहीं मिलने के कारण करीब 3 साल से ठेकेदार काम छोड़ भाग खड़ा हुआ था, ऐसे में बिल्डिंग ही खंडहर हो रही थी। वर्तमान में प्रशासनिक भवन, गर्ल्स और बॉयस हास्टल और अन्य भवनों का निर्माण शुरू कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि दाउश्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय में डीन की नियुक्ति होने के बाद से स्थिति सुधरने लगी है। इस साल फंड आने के बाद ठेकेदारों को भुगतान किया गया है और आगे निर्माण कार्य जारी रखने का आदेश भी दिया गया है। बताया जा रहा है कि साल के अंत तक वेटनरी कालेज की बिल्डिंग बनकर तैयार हो जाएगी। साथ ही अगले सत्र से वेटनरी कालेज में छात्र व छात्राओं का एडमिशन भी लिया जा सकेगा।



### 40 एकड़ जमीन में निर्माण कार्य

साल 2016 में जिले में पशु चिकित्सा कॉलेज खोलने का दावा किया गया, कोनी में 40 एकड़ जमीन कॉलेज का निर्माण किया गया। कॉलेज का प्रशासनिक भवन, दो छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर बनकर तैयार हो चुके हैं। इसमें फीनिंसिंग वर्क किया जा रहा है। 50 करोड़ रूपए अबतक मिल चुके है।

### 30 सीटों से खुलेगा कालेज

राज्य का दूसरा वेटनरी कॉलेज प्रशासनिक उपेक्षाओं के कारण लंबित है। इसके निर्माण के बाद बिलासपुर व अंबिकापुर संभाग के स्टूडेंट को फायदा होगा। साल 2016 में 30 सीटों से शुरू किया गया है और अधोसंरचना और स्टाफ की कमी के चलते वेटनरी कॉउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा 2017 में मान्यता रद्द कर छात्रों को राज्य के एकलौते कॉलेज दुर्ग में हस्तांतरित कर दिया गया है, लेकिन अब इसके खुलने की आस जाग रही है।

### 10 एकड़ जमीन मिली

महाविद्यालय के लिए प्रशासन ने 41 एकड़ जमीन की स्वीकृति दी है, इसमें से कुछ हिस्से में सिम्स अस्पताल को हस्तांतरित किया गया है। लेकिन वर्तमान में केवल 28 एकड़ जमीन पर ही निर्माण किया गया है। बकरी पालन, डेयरी फार्म, पोल्ट्री फार्म, घोड़े का अस्तबल और चारा की व्यवस्था करने के लिए 10 एकड़ अतिरिक्त जमीन ठाकुर छेदी लाल बेरिस्टर एग्रीकल्चर कॉलेज से मिल चुकी है।

### काम शुरू हो चुका है

कुछ सालों से कालेज का निर्माण कार्य बंद था, हाल ही में फंड मिला है, जमीन भी मिली है। इसके बाद काम शुरू कराया गया है। संभवतः साल के अंत तक कालेज की बिल्डिंग तैयार हो जाएगी।

**-डॉ. केके मुखर्जी,** डीन, वेटनरी कॉलेज, कोनी

---

लाइन बनाने किया जाएगा कार्य, कोर्ट ने रेलवे के पक्ष में सुनाया फैसला

# सात दिन के बाद टूट जाएगी मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स की बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पांच साल से रेलवे को करोड़ों रुपए का लायसेंस शुल्क अदा नहीं करने पर मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स के संचालक को नोटिस देकर दुकान आधी खाली कराई गई थी। संचालक ने दुकान तो खाली कर दिया, लेकिन बिल्डिंग को तोड़ा नहीं गया है। करोड़ों की लायसेंस फीस और एमएफसी खाली नहीं करने के एवज में संचालक कोर्ट चला गया। एक साल तक कोर्ट में केस चलने के बाद सोमवार को रेलवे के हक में फैसला सुनाया गया। केस जीतने के बाद रेल प्रशासन की ओर से एमएफसी के संचालक को बिल्डिंग को पूरी तरह से खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है।



रेलवे एक कामर्शियल विभाग है जो यात्रियों को ट्रेनों में सफर कराने के साथ मालगाड़ियों में माल लदान से अरबों रुपए का राजस्व आय अर्जित करती है। इसके अलावा स्टेशनों और ट्रेनों में फूड प्लाजा, स्टॉल, जनआहार, पार्किंग व अन्य कार्यों को भी ठेके में दिया जाता है। राजस्व कमाने के उद्देश से रेल प्रशासन ने बिलासपुर मंडल के रायगढ़, चांपा, कोरबा के अलावा जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में आरक्षण कार्यालय के बगल में मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स बनाने की अनुमति दी थी, जिसके लिए प्रतिमाह लायसेंस शुल्क की राशि 3 से साढ़े 3 लाख रुपए रखी गई। अनुबंध के बाद इरकॉन ने बिलासपुर में मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स बनाकर तैयार कर दिया। इसका ठेका रायपुर की एक कंपनी ने लिया था। मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स का ठेका होने के बाद इसमें मरवाड़ी भोजनालय के साथ बिरयानी, चाय, समोसा के अलावा गुटखा और बिड़ी सिगरेट की बिक्री के लिए किराए भी दे दिए गए, जिसके लिए प्रति दुकानदारों से प्रतिदिन के हिसाब से 1500 रुपए से 5 हजार रुपए तक किराया वसूल किया जाता था। इसके हिसाब से प्रति माह मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स के ठेकेदार ने लाखों रुपए का फायदा होने के बाद भी रेलवे को लायसेंस शुल्क देना बंद कर दिया। वर्ष 2019 से 2021 तक कोरोना महामारी में सभी दुकानें बंद रहीं, लेकिन लायसेंस फीस की राशि चलती रही। लाखों रुपए की राशि करोड़ों में पहुंच गई। करीब 4 से 5 करोड़ रुपए की राशि नहीं देने पर रेल प्रशासन ने एक नोटिस जारी करते हुए सभी दुकानों को खाली करा दिया।

रेलवे के खिलाफ एमएफसी के ठेकेदार ने कोर्ट में केस कर दिया, जहां सोमवार को सुनवाई के दौरान रेल प्रशासन की पक्ष में फैसला सुनाया गया है।

### कर दिया गया था गड्ढा

मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स के ठेकेदार को लायसेंस शुल्क अदा नहीं करने पर रेल प्रशासन ने कई बार नोटिस भेजा। इस नोटिस के एवज में ठेकेदार ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। एक दो साल तक चलने वाले मामले में कोर्ट ने रेलवे के पक्ष में फैसला सुना दिया। कोर्ट से आदेश मिलने के बाद भी ठेकेदार ने दुकानों को खाली नहीं किया, जिसके कारण काम्पलेक्स के सामने मशीन चलाकर गड्ढा कर दिया था।

### तोड़ी जाएगी पूरी बिल्डिंग

मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स की सभी दुकानों को खाली करा दिया गया था, लेकिन कोर्ट में केस चलने के कारण आधे से अधिक सामान बिल्डिंग के अंदर रखे थे। कोर्ट से रेलवे ने केस जीत लिया है। एमएफसी के भवन को तोड़ने के लिए नोटिस भी चस्पा कर दी गई है, जिसमें सात दिन के अंदर पूरे सामानों को खाली करने का आर्डर भी दिया गया है। इसके बाद पूरी बिल्डिंग को तोड़ा दिया जाएगा।

**-अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम,
रेल मंडल बिलासपुर

---



**महामाया मंदिर में मचा हड़कंप**

# मछली के जाल में मृत मिले दो दर्जन कछुए

**बिलासपुर/रतनपुर।** धार्मिक नगरी रतनपुर स्थित महामाया मंदिर परिसर के पवित्र कुंड में किसी अज्ञात आरोपी ने मछली पकड़ने के लिए जाल डाल दिया। इस जाल में फंसकर दो दर्जन कछुए की मौत हो गई है। घटना की सूचना के बाद वन विभाग बिलासपुर की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरु कर दी है।

- **रतनपुर महामाया मंदिर का मामला**

मंगलवार को रतनपुर स्थित महामाया मंदिर कुंड के किनारे जाल में फंसे कछुओं को मरा हुआ देखा गया, जिससे वहां हड़कंप मच गया। एक साथ दो दर्जन कछुओं को जाल में फंसे देखकर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। क्योंकि महामाया कुंड में मछलियों और कछुओं को देवी मां का आशीर्वाद माना जाता है।

सूचना मिलते ही महामाया मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी और सदस्य मौके पर पहुंचे । इस मामले की जानकारी मिलते ही बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी सत्यदेव शर्मा अपनी टीम के साथ रतनपुर महामाया मंदिर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने तत्काल जाल में फंसे कछुओं को अलग किया। इस दौरान सभी मृत कछुओं का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। एक साथ दो दर्जन कछुओं की मौत ने श्रद्धालुओं की आस्था को गहरी चोट पहुंचाई है। लोग दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने मांग कर रहे हैं।

### मंदिर परिसर में लगे हैं सीसी कैमरे

बिलासपुर वन मंडल की टीम ने रतनपुर के महामाया कुंड में एक साथ दो दर्जन कछुओं की मौत को संज्ञान में लिया है। महामाया कुंड और मंदिर परिसर में सीसी टीवी कैमरे भी लगाया गया है, जहां मंदिर में आने-जाने वाले लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। सीसी कैमरे लगे होने के बाद भी एक साथ दो दर्जन कछुओं की मौत किस तरह हुई, यह जानकारी अब तक वन विभाग की टीम को नहीं मिल पाई है।

### मरे हुए कछुए को डालने की आशंका

वन विभाग के अफसरों का कहना है कि एक साथ इतनी बड़ी संख्या में कछुए की मौत होना बड़ी घटना है। कछुए की मौत के बाद मौके पर पहुंचकर डॉक्टर से पोस्टमार्टम भी कराया गया है। डॉक्टर के पीएम रिपोर्ट के अनुसार महामाया कुंड में जाल में फंसे मरे हुए कछुओं की मौत दो से तीन पहले हो गई है। इन सभी कछुओं की मौत के बाद महामाया कुंड में लाकर डालने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

### की जा रही है जांच

रतनपुर के महामाया मंदिर में बने कुंड में जाल में फंसे मृत कछुओं की संख्या करीब 23 है, जिनका पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है। कछुओं की मौत किस तरह हुई, यह जांच का विषय है। वन विभाग ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ वन्यप्राणी अधिनियम के तहत अपराध कायम कर लिया है। इसके लिए सीसी टीवी फुटेज भी खंगाला जाएगा, जिसके उपरांत ही स्पष्ट होगा कि कछुओं का लाने वाला कौन है। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-सत्यदेव शर्मा,** डीएफओ, वन मंडल

---

# ड्राइवर के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी जमीन विवाद पर चाचा ने की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ड्राइवर के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने पर कोटा पुलिस को सफलता मिल गई है। पुलिस ने झारखंड गढ़वट से आरोपी मृतक के चाचा को गिरफ्तार कर लिया है। जमीन विवाद में आरोपी ने कोयला के पत्थर से हमला कर हत्या की थी। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।

- **झारखंड गढ़वट से हुई गिरफ्तारी**

झारखंड गढ़वा निवासी सुप्रीम कुमार पिता अजय कुमार 30 साल पेशे से ड्राइवर था। 10 मार्च को वह ट्रेलर में कोयला लेकर खाली करने कोटा साइडिंग आया था और रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। उनके पिता अजय कुमार ने सुप्रीम के लापता होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस गुम इंसान कायम कर पतासाजी में जुट गई थी। 15 मार्च को कोयला साइडिंग के झाड़ियों में सुप्रीम कुमार की लाश मिली थी। 21 मार्च को कोटा पुलिस को उसका पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिला। जिसमें डाक्टर ने सिर पर वार होने से हत्या की पुष्टि की। उसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का जुर्म दर्ज कर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुट गई थी। मृतक के परिजन से पूछताछ करने के बाद तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किया गया। थाना प्रभारी आईपीएस सुमीत कुमार के निर्देश पर स्टाफ ने झारखंड गढ़वट में दबिश देकर मृतक के चाचा मुकेश कुमार रवि पिता रामनाथ 35 साल को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी मुकेश कुमार रवि को गिरफ्तार कर लिया है।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

एसआई राज सिंह ने बताया, मृतक के पिता का अपने छोटे भाई मुकेश कुमार रवि से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था और उसने जान से मारने की धमकी दी थी। 10 मार्च को मृतक कोयला खाली करने कोटा साइडिंग में आया था। उसी दिन आरोपी मुकेश कुमार रवि भी कोयला खाली करने कोटा साइडिंग आया था। मुकेश ने अपने भतीजा को फोन लगाकर जमीन को लेकर विवाद किया। उसके बाद उसे अपने पास बुलाकर झाड़ियों के पास जाकर उसे छक्कर शराब पिलाई। अत्याधिक नशे में होने पर आरोपी ने मृतक के सिर पर कोयला की पत्थर से हमला कर हत्या कर दी थी। उसके बाद वह गाड़ी लेकर झारखंड गढ़वट भाग गया था।

---

# जेल में हत्या के आरोपी के कत्ल की कोशिश, छूटने के बाद दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जेल में गुटबाजी को लेकर हत्या के आरोपी की चम्मच से बने चाकू व पेंचकस से हत्या करने की कोशिश की गई थी। जमानत में छूटने के बाद कवर्धा से दो हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।





- **चम्मच से बने पेंचकस से किया था जानलेवा हमला**

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, हत्या के मामले में बिलासपुर के अल्ताफ खान, कमर अली उर्फ चीना, इस्त्राइल बक्स, राजेश दाउद जेल में बंद थे। वहीं कवर्धा जेल से स्थानातंरण में हत्या के आरोपी कवर्धा निवासी अब्दुल मेहताब खान, इदरिस खान, मो. आरिफ, मोहसीन, शेख रफीक, मो. सोफियान, आयाज खान केन्द्रीय जेल आए थे। जेल के अंदर दोनों गुटों के वर्चस्व को लेकर विवाद चल रहा था। 22 मार्च 2024 को दोनों गुटों के बीच भिड़ंत हो गई थी। एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की गई थी। आरोपियों ने अल्ताफ खान पर चम्मच से बने चाकू व पेंचकस से जानलेवा हमला कर दिया था। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जेल के अंदर दो गुटों के बीच हुई खूनी संघर्ष से हड़कंप मच गया था। पुलिस ने अल्ताफ खान की रिपोर्ट पर हमलावर कवर्धा के आरोपियों पर धारा 307 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था।

दो दिन पहले आरोपी कवर्धा निवासी अब्दुल मेहताब खान, इदरिस खान जमानत पर जेल से रिहा हुए थे। जानकारी होने पर टीआई एसआर साहू के निर्देश पर एएसआई राजेशधर दीवान, भानू पात्रे ने स्टाफ के साथ कवर्धा में दबिश देकर दोनों आरोपियों को पकड़कर शहर लेकर आई। मंगलवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य आरोपी मो. आरिफ, मोहसीन, शेख रफीक, मो सोफियान, आयाज खान जेल में बंद है। पुलिस ने उक्त आरोपियों को गिरफ्तार करने कानूनी प्रक्रिया करने में लगी हुई है।

---




# दरवाजे का लॉक जलाकर सूने मकान से जेवर ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** दरवाजे का लॉक जलाकर चोरों ने सूने मकान को आराम से खंगाल डाला। उसके बाद सोने चांदी के जेवर व बर्तन समेट आसानी से भाग गए। रात्रि गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों को भनक तक नहीं लगी। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

- **चिल्हाटी हाउसिंग कालोनी में हुई वारदात**

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिल्हाटी हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी नवनीत द्विवेदी प्राइवेट काम करते हैं। 23 मार्च की शाम 5 बजे उनका छोटा भाई उत्तम द्विवेदी घर के दरवाजे में ताला लगाकर मोपका मंदिर स्थित मकान में चले गए। देर रात चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए लॉक के पास दरवाजे का जलाकर खोल लिया। उसके बाद आराम से पूरा मकान खंगाल डाला। चोरों ने उनके घर से सोने का मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, चांदी का सिक्का, कांसे का बटुआ, लोटा, थाली, पीतल गगरी, एलईडी समेट कर आसानी से भाग निकले। रात्रि गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों को भनक तक नहीं लगी। 24 मार्च की सुबह उत्तम द्विवेदी मकान में गए तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। लॉक के पास दरवाजा जला हुआ था। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरे पड़े थे और आलमारी खुली हुई थी। जेवर व कीमती सामान चोरी हो गए थे। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना कर लौट गई और श्री द्विवेदी की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर ली थी।



**पूर्व में भी हुई थी चोरीः** कोरोना काल के दौरान सरकण्डा क्षेत्र में इसी तर्ज पर लॉक के पास दरवाजा जलाकर 30 से 40 मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। काफी मशक्कत के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही थी।



## खबर संक्षेप

### सर्व ब्राम्हण परिषद ने आयोजित किया होली मिलन समारोह



**मुंगेली।** सर्व ब्राम्हण परिषद का होली मिलन समारोह विप्र भवन में सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित हुए। इस अवसर पर मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली गई और भाईचारा का पर्व होली के महत्व पर चर्चा की गई। इस बैठक में विप्र समाज के नवनिर्वाचित विप्रजन जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह के आयोजन के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सर्व ब्राम्हण परिषद के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित शुक्ला, प्रमोद पाठक, सुनील पाठक, पवन पाण्डेय, हिमांशु मिश्रा, आशीष मिश्रा, सौरभ बाजपेयी, आशीष तिवारी, योगेश शर्मा, मोनू उपाध्याय, प्रभात तिवारी आदि मौजूद थे।

### अग्रसेन महिला मण्डल ने उत्साह पूर्वक मनाया होली मिलन



**गौरेला।** श्री अग्रसेन महिला मंडल गौरेला का होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन नव निर्मित श्री अग्रोहा भवन में संपन्न हुआ। अग्रसेन महिला मण्डल की अध्यक्ष आभा अग्रवाल ने होली पर्व के महत्व को बताया। इस अवसर पर म्युज़िकल हॉउजी के साथ अनेक गेम खेले गये। विजयी सदस्यों को पुरस्कार बांटे गए। मिठाइयों एवं ठण्डाई के साथ सभी सदस्यों ने कार्यक्रम का आनन्द लिया और कार्यक्रम को रोचक एवं यादगार बनाया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष तनु अग्रवाल, सचिव मीतू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शालिनी अग्रवाल, सह सचिव अनमोल अग्रवाल, ममता अग्रवाल, गीतू अग्रवाल, किरण अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल, नीरजा अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, सिंम्पल अग्रवाल, रूपा अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, ज्योति सतीश अग्रवाल, अनिता अग्रवाल सहित अनेक सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मना क्षय दिवस



**करगी रोड कोटा।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एनटीईपी कार्यक्रम अतंर्गत क्षय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू, पार्षद एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों से अपील की गई कि सभी सीवाईटीबी के माध्यम से टीबी इन्फेक्शन की सक्रिय जांच करवाना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में टीबी जांच का शुभारंभ किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में क्षय रोग की सर्किय जांच एवं सीवायटीबी के माध्यम से टीबी इन्फेक्शन की जांच की गई। इस अवसर पर अध्यय नगर पंचायत कोटा ने दो टीबी मरीजों के निश्चय मित्र बनाते हुए पोषण प्रदाय किया। साथ ही उन्होने अन्य पार्षदों, जनप्रतिनिधियों को निश्चय मित्र बनने हेतु प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम के बीएमओ निखिलेश गुप्ता कोटा, बीपीएम श्वेता सिंग, टीबी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, सेक्टर पर्यवेक्षक, संजीवनी नर्सिग कॉलेज की छात्राओं, मितानीन, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उमाशंकर को युवा आईकान अवार्ड से किया गया सम्मानित



**लोरमी।** केन्द्रीय महासभा देशहा कुर्मी क्षत्रिय समाज का 39 वार्षिक अधिवेशन एवं आमसभा का आयोजन जरहागांव में किया गया, जिसमें समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन, युवा, नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्याय, सरपंच एवं पंचों की उपस्थिति रही। अधिवेशन में उमाशंकर कश्यप को सामाजिक कार्यकर्ता के क्षेत्र में युवा आईकान अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। इस अधिवेशन में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। महासभा के अध्यक्ष हीरा सिंह कश्यप, उपाध्याक्ष एमआर कश्यप, महासचिव रामशंकर कश्यप ने उमाशंकर के बारे में कहा कि ग्राम कोसमतरा, विकासखंड लोरमी से निकल कर 2014 से आस्था समिति अध्यक्ष दौलत राम कश्यप के नेतृत्व में कबीरधाम से देखभाल एवं संरक्षण वाले बालकों, पिछड़े, शिक्षा, स्वास्थ्य, वंचित समुदाय, शोषित, दिव्यांगजनों, आदिवासी, विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के बीच एवं शासन प्रशासन की योजनाओं को लेकर जागरूकता के माध्यम 10 वर्षों से अधिक संवेदनशील के साथ अनवरत समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है।

## जिपं के प्रथम सम्मिलन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने ली शपथ

# केंद्र एवं राज्य की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य करें: तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन का आयोजन किया गया। सम्मिलन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर सहित और सदस्यों ने विधिपूर्वक शपथ ली। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए।

अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद लखनलाल साहू सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उन्होंने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए कार्य करें। शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास की रोशनी जिले के अंतिम छोर तक पहुंचे और अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को इसका लाभ मिले। कोई भी पात्र हितग्राही विभागीय योजना से वंचित नहीं होना चाहिए। उन्होंने बिलासपुर जिले के ग्राम मोहभट्ठा में 30 मार्च को होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों को शामिल होने का आग्रह किया। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि पंचायत चुनाव में जनता ने जो भरोसा जताया है, उस पर सभी नव निर्वाचित प्रतिनिधि खरा उतरने की पूरा प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले को विकास की दिशा में और आगे बढ़ाएंगे। शासन की सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में प्रदेश में मुंगेली जिले का अव्वल स्थान आए, इसके लिए सभी संकल्प के साथ कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपादित करने और तीनों जनपद पंचायतों में निर्विरोध अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



समारोह में शपथ लेते जिला पंचायत अध्यक्ष।

**जिपं सीईओ ने जताया आभार**

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने सम्मिलन में उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत में पंचायत एवं ग्रामीण विकास की उप संचालक भूमिका देसाई ने जिला पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्य अनिता कोमल साहू, समुंद सिन्द्राम, रत्ना संजय काठले, कुंती उदय जायसवाल, उमाशंकर साहू, रजनी मानिक सोनवानी, लक्ष्मीकांत भास्कर, संतोषी परमेश्वर ठाकुर, अनिला देवेन्द्र राजपूत और अम्बालिका साहू को शपथ दिलाई। मंच का संचालन जिला कलेक्टोरेट के अधीक्षक अशोक सोनी ने किया।

**तोखन, साव समेत दिग्गज रहे मौजूद**

जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन समारोह में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन, उप मुख्यमंत्री साव के अलावा तीनों जनपद पंचायत के सरपंच, जनप्रतिनिधियों की भी मौजूदगी रही। जनदर्शन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के चलते अधिकांश लोग बाहर खड़े होकर कार्यक्रम देखते रहे। भीड़ के कारण कार्यक्रम स्थल तक कार्यक्रम की समाप्ति तक कुर्सियां लाई जाती रहीं।



कर्मा जयंती मनाते साहू समाज के लोग।

## साहू समाज ने धूमधाम से मनाई भक्त मां कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

ग्राम सोढ़ार में साहू समाज के द्वारा भक्त मां कर्मा की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर समाज के सभी पदाधिकारी एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक मां कर्मा की महाआरती में सम्मलित हुए। समाज सके संरक्षक रामजी साहू, इकाई अध्यक्ष गिरधारी साहू ,उपाध्यक्ष खुमान साहू, रामचरण साहू, मेलू राम साहू, रघुनाथ साहू, अरुण साहू, नरेश साहू, हरेंद्र साहू ,परमेश्वर साहू, महेंद्र साहू, कलेसवर साहू, कपीश साहू, बिसाहू, पुरुषोत्तम साहू, रूप राम, जितेंद्र, प्रहलाद, एवं छड़ी दार रामचंद्दी साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### माता कर्मा जयंती पर कांग्रेसियों ने जलाए सद्भावना दीप



**तखतपुर।** भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने अपने घरों में सद्भावना दीप जलाया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से अपील की है कि भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर हम सभी अपने अपने घरों में सद्भावना दीप जलाएं और माता कर्मा को याद करें। इसी कड़ी में नगर कांग्रेस कमेटी बिहारी देवांगन सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने घर में दीप प्रज्वलन किया।

### मरवाही तहसील में मनाई जाएगी भक्त माता कर्मा जयंती

**पेंड्रा।** साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती पाप मोचनी एकादशी 25 मार्च को मनाए जाने का अनुरोध अध्यक्ष जिला साहू संघ रमेश साहू ने की है। एक माह तक कर्मा जयंती मनाई जाती है। इस बार जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में कर्मा जयंती मरवाही तहसील में मनाई जाएगी, जिसकी बैठक दानीकुंडी में 29 मार्च को होगी। इस बार मरवाही तहसील में कार्यक्रम में बृहद रूप से कार्यक्रम करने हेतु बैठक आहूत की गई जिसमें मुख्य रूप से संरक्षक अशोक साहू, सचिव विश्वनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष आनंद साहू पेंड्रा, कमल साहू गौरेला, कृष्ण कुमार साहू कोटमी, दिलीप साहू मरवाही, सचिव अनुपम साहू गौरेला, मनोज साहू, सुमित साहू, विजय साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश साहू आमादांड, संतोष साहू पेंड्रा, विजय साहू पेंड्रा एवं बड़ी संख्या में जिला एवं तहसील साहू संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## 60 लाख की उगाही के आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खरिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छलपूर्वक डरा धमकाकर करोड़ों की जमीन रजिस्ट्री कराने एवं 60 लाख की उगाही के मामले में कोतवाली पुलिस ने 6 लोगों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। बहुचर्चित मामले में छह आरोपियो में से तीन आरोपी सूरज मक्कड़, प्रदीप सिंह एवं लवजीत सिंह ने जिला न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी जिसे खारिज कर दिया गया।





नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी बैद परिवार की महिला एवं उसके नादान बच्चे से डरा धमकाकर करोड़ों की जमीन रजिस्ट्री कराने एवं 60 लाख रूपए की उगाही को लेकर गत दिवस प्रार्थी सिद्धार्थ बैद ने सिटी कोतवाली थाने में छह व्यक्तियों के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराई थी।, जिसमें मुंगेली निवासी आयुष प्रताप सिंह उर्फ समीर ठाकुर एवं पांच अन्य व्यक्तियों के द्वारा डरा धमकाकर छलपूर्वक जमीन की अपने साथी के नाम जबरन रजिस्ट्री कराने की जानकारी दी गई थी। शिकायत पर पुलिस मामले की विवेचना में जुटी गई एवं कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस की कार्रवाई से प्रकरण से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। 6 आरोपियो में से तीन आरोपी सूरज मक्कड़, प्रदीप सिंह एवं लवजीत सिंह ने जिला न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका लगायी थी जिसे खारिज कर दिया गया। सभी आरोपी फरार हैं जमानत याचिका के विरूद्ध प्रार्थी सिद्धार्थ बैद के वकील संजय गुप्ता ने आपत्ति प्रस्तुत की थी। आरोपियों पर धारा 318,4, 308,2,3,5,61 एवं धारा 111 के तहत मामला दर्ज किया गया था। बताया जाता है कि आवेदक से उगाही के समय किसी से फोन पर बात कराई गई थी जिसने स्वयं को लारेंस बिश्नोई गैंग का आदमी बताकर रजिस्ट्री एवं पैसे देने धमकी दी थी। जिला न्यायधीश चंद्र कुमार अजगले ने मामले के तीनों आरोपियो की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता रजनीकांत ठाकुर थे।

### यादव समाज के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण में शामिल हुए विधायक देवेंद्र



**मुंगेली।** भिलाई विधायक देवेंद्र यादव समाज द्वारा आयोजित निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में विगत दिनों मुंगेली पहुंचे। इस दौरान मुंगेली यादव समाज के लोगों ने गर्मजोशी के साथ आतिशबाजी करते हुए डीजे, बाजा-गाजे पटाखे के साथ उनका स्वागत किया और कांग्रेस कमेटी महामंत्री संजय यादव के नेतृत्व में बाइक रैली निकालकर जगह-जगह विधायक यादव का स्वागत किया। इसके बाद वे कार्यक्रम स्थल पुराना बस स्टैंड स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल भवन पहुंचे एवं कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विधायक देवेंद्र यादव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यादव समाज के दुख-सुख में हर पल उनके साथ खड़े रहने की बात कही। कांग्रेस कमेटी की महामंत्री संजय यादव ने यादव समाज शिक्षा एवं व्यापार पर अधिक जोर देने की बात कही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग मौजूद रहे।

## जिपं सीईओ ने लिया सामूहिक विवाह की तैयारियों का जायजा



**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में 27 मार्च को आगामी सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया।

उन्होंने टेंट एवं पंडाल, विद्युत, बैठक, साउंड सिस्टम, पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीईओ श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हो। उन्होंने सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बता दें कि 27 मार्च को आयोजित होने वाले इस सामूहिक विवाह समारोह में 152 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

### कार चालक ने मारी पिकअप को टक्कर, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पिकअप को ठोकर मार दी, जिससे पिकअप बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया एवं पिकअप सवार घायल हो गए। शिकायत पर पुलिस ने 125, ए 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरहदा निवासी विजय कुर्रे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 22 मार्च को वह मजदूरों के साथ सामान छोड़ने के लिए पिकअप सीजी 28 पी 9936 से बिलासपुर गया हुआ था। रात्रि में वापसी के दौरान खपरी पेट्रोल पंप के पास कार क्रमांक सीजी 11 एएच 3978 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसके वाहन को ठोकर मार दी, जिससे पिकअप क्षतिग्रस्त हो गई एवं एक वाहन सवार घायल हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ 125,ए 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

### गड़वट में नवधा रामायण का 25वां वर्ष

**लखराम।** समीपस्थ ग्राम पंचायत गड़वट में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड नवधा रामायण के 25वें वर्ष का आयोजन किया जा रहा है। आचार्य पंडित मणि शंकर तिवारी गड़वत वाले, अध्यक्ष राज कुमार कश्यप एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 19 मार्च से रामायण की शुरुआत हुई है। हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति के साथ 29 मार्च शनिवार को आयोजन का समापन होगा ।

## आयुष्मान योजना के तहत किए गए 213 पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

आयुष्मान भारत के तहत संचालित आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर जिले में व्यापक स्तर पर पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है।

कलेक्टर ने जिले के समस्त वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन कराएं और इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठाएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभात चंद्र प्रभाकर ने बताया कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में यह अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को जिले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के 213 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया गया। इस अभियान के तहत अब तक कुल 5 हजार 4 सौ 4 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया जा चुका है। जिले के लिए कुल 35 हजार 2 सौ 45 का पंजीयन लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपये तक का निशुल्क उपचार प्रदान किया जा रहा है। यह सुविधा पंजीकृत निजी अस्पतालों एवं प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य की पूर्ति हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी घर-घर जाकर वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन कर रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें।



## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला कलेक्टोरेट परिसर स्थित जनदर्शन हाल में विश्व क्षय दिवस मनाया गया। इस दौरान टीबी मुक्ति की दिशा में बेहतर कर कार्य करने वाले ग्राम पंचायत को सम्मानित करने ''जन-जन का रखें ध्यान, टीबी मुक्त भारत अभियान'' स्लोगन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर राहुल देव एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा वर्ष 2023 में 44 और वर्ष 2024 में 74 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त होने पर बधाई दी और प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही 2025 के अंत तक जिले को टीबी मुक्त करने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि निक्षय टीम के माध्यम से हमने जिले को टीबी मुक्त करने की दिशा में मुहिम चलाया था, जिसका सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहा है। इस टीम के माध्यम से पूरे जिले के टीबी मरीजों का ख्याल रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में हमारी टीम जिस तरीके से कार्य कर रही है, आने वाले समय में हम पूरे जिले को टीबी जैसी बीमारी से मुक्त कर लेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि स्वस्थ शरीर मानव जीवन का सबसे बड़ा वरदान होता है। हमें रोग एवं विकारों से मुक्त रहने के लिए स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चन्द्र प्रभाकर ने टीबी के लक्षणों एवं उपचार की जानकारी देते हुए जिले को टीबी मुक्त करने के लिए चल रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने कहा कि अभियान चलाकर अब तक 118 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त कर लिया गया है। जिला क्षय अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान एवं टीबी मुक्त पंचायत अभियान व निक्षय निरामय अभियान अंतर्गत टीबी मरीजों को शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के संबंध में बताया। इस दौरान डीपीसी अमिताभ तिवारी, डीपीपीएमसी अमित सिंह, पीएमडीटी समन्वयक धीरज रात्रे, एस.टी.एस. सुमेश जायसवाल आदि मौजूद थे।





जनप्रतिनिधियों का सम्मान करते अफसर।

## मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

**सेतगंगा-मुंगेली।** ग्राम गोरखपुर सेतगंगा निवासी सुरेश केशरवानी के निवास पर जैतराम साव, राजमती केशरवानी, मानिक लाल प्रमिला देवी केशरवानी, निर्मला देवी केशरवानी की स्मृति में चल रहे श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं नन्दोत्सव धूमधाम से मनाया गया।



कथा व्यास पुरुषोत्तम प्रसाद शास्त्री ने कहा कि कलयुग में श्रीमद भागवत कथा सुनने बस से मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। ऐसा माना जाता है यह कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है और उसे सगुण प्राप्त होते हैं। प्रसंग का व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता हैं। अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि कंस की कारागार में श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन पालन नंद बाबा के घर में हुआ था। कार्यक्रम में यजमान नीरज केशरवानी एवं पूरे परिवार ने महाराज का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने के लिए डॉ पन्नालाल केशरवानी, डॉ. सुरेश केशरवानी, डॉ एसडी केशरवानी, देवलाल केशरवानी, प्रेम कुमार केशरवानी, आशीष केशरवानी, अखिल केशरवानी, रामदत्त केशरवानी, मनोज केशरवानी, नीरज केशरवानी, निशांत केशरवानी, सत्येन्द्र केशरवानी, योगेश केशरवानी, सलिल केशरवानी सचिन केशरवानी, ज्ञानेश केशरवानी, ब्रजेश केशरवानी, अमितेश राजू सहित ईष्ट मित्र जुटे हुए हैं।